तापमान

अधिकतम 36.5 डिग्री

न्यूनतम 18.2 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार, 5 मार्च 2025



12 31 तक जमा करें हाउस टैक्स, नहीं तो होगी कार्रवाई





12 कोटनी में नवनिर्वाचित सरपंच व पंचों ने किया शपथ ग्रहण






## खबर संक्षेप

### जयंती स्टेडियम में होगी 7 मार्च से मड़ई

**भिलाई।** जयंती स्टेडियम के निकट मैदान में चार दिवसीय भिलाई मड़ई का आयोजन किया जाएगा। सात मार्च से 10 मार्च तक आयोजित मड़ई में लोक कला से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम होंगे। इसके लिए तैयारी शुरु कर दी गई है। आयोजक कलाकार योगेश अग्रवाल ने बताया कि चार दिवसीय भिलाई मड़ई का रंगारंग उद्घाटन 7 मार्च को होगा। आयोजन में विभिन्न दिन नाचा कार्यक्रम, लोकगीत व नृत्य प्रतियोगिता, बैंडवार, भाषण प्रतियोगिता और छत्तीसगढ़ी फिल्म अवार्ड समारोह होगा।

### शपथ ग्रहण समारोह आज

**दुर्ग।** ग्राम निकुम में नवनिर्वाचित सरपंच भागवत राम पटेल एवं समस्त पंचगण का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को रामलीला मैदान सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण बाजार चौक निकुम में रखा गया है। दोपहर 2 बजे से रामलीला मैदान सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण बाजार चौक निकुम में आयोजित इस समारोह में मुख्य अतिथि संत श्रीमाता जय शक्ति आश्रम निकुम होंगे। अध्यक्षता डॉ. बालमुकुद देवांगन पूर्व विधायक खेरथा, अति विशिष्ठ अतिथि माया बेलचंदन सदस्य जिला पंचायत दुर्ग, विशेष अतिथि मोंगरा देशमुख पूर्व पार्षद ननिभि, माधव प्रसाद देशमुख, पंचराम देशमुख पूर्व अध्यक्ष शाउमावि निकुम, ताराकुमार शर्मा पूर्व विधायक प्रतिनिधि खेरथा विधानसभा क्षेत्र, चिमन लाल देशमुख, प्यारे लाल देशमुख छ.ग. अंचल के वरिष्ठ कवि एवं गीतकार दुरदर्शन शामिल होंगे।

### जनपद चुनाव: दुर्ग में उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस के राकेश हिरवानी 12 वोटों से जीते

# दुर्ग में भाजपा की कुलेश्वरी, पाटन में कीर्ति और धमधा में लीमन बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग/पाटन/धमधा

*केन्द्र से निगम तक तीसरी इंजन बनाने वाली भाजपा को दुर्ग जनपद के उपाध्यक्ष पद से हाथ धोना पड़ गया। यहां अध्यक्ष में भाजपा की नगपुरा की कुलेश्वरी देवांगन ने 13 वोट के साथ जीत हासिल की, वहीं धमधा में अध्यक्ष के लिए कांग्रेस के प्रत्याशी मैदान में नहीं उतरे, ऐसे में यहां अध्यक्ष पद में भाजपा ने निर्विरोध जीत हासिल कर ली। जबकि पाटन में भाजपा ने एकतरफा जीत कायम करते हुए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर कब्जा जमा लिया हैं।*

दुर्ग जनपद में कांग्रेस की ओर से मैदान में उतरी अंजोरा ढा की संतोषी देशमुख को 11 वोट से हार का सामना करना पड़ा। मंगलवार को आज जिले के दुर्ग, धमधा और पाटन में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पदों के लिए चुनाव हुआ।

तीनों जनपद में भाजपा और कांग्रेस को पर्याप्त बहुमत नही मिलने के कारण कांटे की टक्कर थी। ऐसे में भाजपा ने दोनों पदों में कब्जा जमाने पूरी ताकत झोंक दी थी, सदस्यों का जनपद में पहुंचने और वोटिंग तक पूरी नजर बनाए हुए थे। भाजपा पूरा कदम फूंक-फूंककर रखती नजर आई। लेकिन दुर्ग जनपद उपाध्यक्ष के लिए मैदान में उतरे अजीत चंद्राकर को जिताने में भाजपा फैल हो गई और कमान संभाले नेताओं की किरकिरी भी हुई। खैर दुर्ग को छोड़कर पाटन में जहां भाजपा को एकतरफा वोट मिला, वही धमधा में वाकआउट की स्थिति में भाजपा ने जीत हासिल की हैं।

## तीनों जनपद के छह सीटों में पांच पर भाजपा, एक कांग्रेस के खाते गई

### दुर्ग में मोर्चा संभाले रहे राजेन्द्र और देवेन्द्र



कुलेश्वरी देवांगन



राकेश हिरवानी

चौबीस सीट वाले दुर्ग जनपद में अध्यक्ष पद पर भाजपा से कुलेश्वरी सुखेदव देवांगन को तेरह वोट मिले। वहीं कांग्रेस से मैदान पर उतरी संतोषी देशमुख को सिर्फ 11 वोट के साथ हार का सामना करना पडा। वही उपाध्यक्ष के लिए भाजपा से अंडा के अजीत चंद्राकर को सिर्फ 11 वोट मिले और कांग्रेस के पाउवारा से राकेश हिरवानी को 12 वोट से जीत हासिल हुई। सूत्रों ने बताया वे निर्दलियों को साधने में कामयाब रहे। जबकि एक वोट निरस्त हो गया। भाजपा से कांतिलाल बोथरा और नितेश साहु यहां मोर्चा संभाले थे, वही कांग्रेस से राजेन्द्र साहु और पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख ने अपनी मौजूदगी में उपाध्यक्ष पर सेंध लगाने में कामयाब रहे।



**धमधा।** धमधा जनपद में नए 25 सदस्य चुनाव जीत कर जनपद में अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए बीते मंगलवार को केवल एक ही सदस्य के द्वारा नामांकन फार्म भरा गया जिसके चलते लीमन साहू को निर्विरोध जनपद पंचायत धमधा का अध्यक्ष घोषित किया गया । वही इस अध्यक्ष चुनाव को लेकर कई दिनों से काफी अटकलें लगाई जा रही थी पूर्व जनपद अध्यक्ष डॉक्टर जयसिंह राजपूत का नाम भी काफी तेजी से आगे चल रहा था बावजूद भाजपा मंडल अहिवारा के पूर्व अध्यक्ष लीमन साहू ने बाजी मार ली। वही उपाध्यक्ष के लिए निर्विरोध जनपद सदस्य प्रीति देवांगन को उपाध्यक्ष घोषित किया गया।

### धमधा में कांग्रेस गायब, अपनों को मनाती रही भाजपा



लीमन साहू



प्रीति देवांगन

दुर्ग जनपद में पर्यवेक्षक पूर्व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, शिव चंद्राकर और रेखराम बंछोर थे। यहां अध्यक्ष के लिए भाजपा से दो दावेदार थे। जिसमें पूर्व मंडल अध्यक्ष लीमन साहु और पूर्व जनपद सदस्य डां जयसिंग राजपूत थे। यहां अंत में लीमन साहु ने नामांकन भरा और दूसरे दावेदार को साध लिया। कांग्रेस से एक भी दावेदार नही होने से भाजपा को वाकआउट मिल गया और लीमन साहु की जीत हो गई। वही उपाध्यक्ष के लिए भाजपा से प्रीति देवांगन ने कांग्रेस की वर्मा को हराकर जीत हासिल की हैं।

### पाटन जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष पद पर भाजपा का कब्जा



कीर्ति नायक



जितेंद्र वर्मा

पाटन जनपद पंचायत के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पदों पर एकतरफा जीत हासिल की। जनपद पंचायत के चुनाव में भाजपा के सदस्यों को सांसद विजय बघेल, निवर्तमान जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, चुनाव पर्यवेक्षक राजेन्द्र कुमार पाध्ये, जिला भाजपा उपाध्यक्ष दिलीप साहू, सह पर्यवेक्षक अनुपम साहू ने मार्गदर्शन दिया। भाजपा ने कीर्ति नायक को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया, अध्यक्ष पद पर भाजपा ने 25 में से 18 वोट हासिल करके ऐतिहासिक जीत दर्ज की। वही कांग्रेस की रश्मि वर्मा को सिर्फ 7 वोट मिले। वही उपाध्यक्ष के लिए कमलेश वर्मा को उतारा गया था, उन्होने 25 में से 18 वोट लेकर एकतरफा जीत हासिल की।

### तीनों जनपद में बहुमत के लिए तरसी पार्टी

दुर्ग जनपद के चौबीस सीट में भाजपा को दस, कांग्रेस को आठ और छः निर्दलीय था। वहीं पाटन के पच्चीस सीट में भाजपा को दस, कांग्रेस को आठ और सात निर्दलीय के पास था। धमधा जनपद के पच्चीस सीट में भाजपा को नौ, कांग्रेस को आठ और आठ निर्दलीय थे। दुर्ग जनपद में छः निर्दलीय थे, जो कांग्रेस से बगावट कर चुनाव लडे थे। इसलिए यहां उपाध्यक्ष के लिए कांग्रेस अपनों को साधन में सफल रही। हांलाकि अध्यक्ष में एक वोट से भाजपा ने बहुमत हासिल की हैं।

# रिसाली में 64 लाख वसूली करने 16 लोगों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने ऐसे लोगों पर सख्ती बरतनी शुरू कर दी है जो टैक्स की राशि जमा करने में आनाकानी कर रहे है।

### 15 दिन की मोहलत

आयुक्त के निर्देश पर संपत्तिकर विभाग के प्रभारी ने राशि जमा करने 15 दिनों की मोहलत दी है। राशि जमा नहीं करने पर कुर्की कार्रवाई करने नोटिस जारी की जाएगी। धारा 174 के तहत नोटिस जारी कर अंतिम चेतावनी दी है। 15 दिनों के भीतर कुल 6492925 रूपए निगम के खजाने में जमा करने कहा गया है।


### बड़े बकायादारों के नाम

सेंट थामस सीनियर स्कूल आजाद मार्केट रिसाली 1916474, डॉ.बी.आर अम्बेडकर स्टेशन मरोदा 962235, आजाद हायर सेकेण्डरी स्कूल स्टेशन मरोदा 657264, रामशंकर वर्मा मेन रोड स्टेशन मरोदा 236056, बालकृष्ण आशीष नगर रिसाली 183011, विजय यादव स्टेशन मरोदा 134708, सरस्वती सोनवानी मैत्री कुंज 108910, मोती लाल ब्रदर्स स्टेशन मरोदा 100568, जगन्नाथ यादव पटरीपार रिसाली 407524, निधि चंद्राकर तालपुरी (लोटस) 372681, सतीश दास वैष्णव मैत्रीकुंज 335986, मोतीराम बघेल हिंद नगर 184118, शकील अहमद शक्ति विहार रिसाली 131350, भारत चंद्राकर प्रगतिनगर रिसाली 117481, सुशील कुमार देशमुख वी.आई.पी. नगर 102445, आर्यव्रत अकादमी रूआबांधा 542114 रूपए का बकाया।







## खबर संक्षेप

### सर्वेक्षण के लिए 5 करोड़ का बजट में है प्रावधान



दुर्ग। नगर निगम के पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने छत्तीसगढ़ के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पहली बार रायपुर से दुर्ग तक मेट्रो रेल सुविधा के लिए सर्वेक्षण कार्य शुरू होगा। इसके लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान बजट में किया गया है। इस बजट ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के वादों को पूरा किया है। यह बजट वित्तीय प्रबंधन के साथ छत्तीसगढ़ को प्रगति की ऊंचाइयों तक ले जाने वाला साबित होगा। यह बजट राज्य के आर्थिक क्षेत्र को मजबूत करने वाला है।

### बजट से छत्तीसगढ़ की बढ़ेगी रेवेन्यू : खुराना

दुर्ग। जिला भाजपा के उपाध्यक्ष अरविंदर खुराना ने बजट में छतीसगढ़ में विकास के लिए कई प्रावधान रखे। इस बजट में छतीसगढ़ के विकास पे पूरा ध्यान रखा गया है। नगर निगम में विकास के लिए ५०० करोड़ से जिससे नगर निगम के अंतर्गत आने वाले जिलो का भरपूर विकास होगा। लोगो को काम मिलेगा जिससे छतीसगढ़ की रेवन्यू बढ़ेगी। आईटी सेक्टर एवं पॉलिटेक्निक सेक्टर के लिए भी १०० करोड़ का प्रावधान दिया गया। जिससे युवा ट्रेनिंग करेंगे, जिससे युवाओं को रोजगार मिलने पर पूरा ध्यान दिया गया है।

### बजट से राहत नहीं: कमलेश सिंह

दुर्ग। छग पटवारी प्रदेश संघ के संरक्षण कमलेश सिंह ने कहा ऑनलाइन भुइयां कार्य को बढ़ावा देने के लिए और दूर दराज के कृषकों को लाभ पहुंचाने हेतु, पटवारियों को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए जाने बजट में 15 करोड़ की प्रवधान किया गया है। इस कार्य हेतु पटवारियों को विशेष भत्ता दिए जाने हेतु बजट में प्रावधान करने को कृषक हित में उचित ठहराया है और इससे पटवारियों की कार्य क्षमता में वृद्धि होगा।

### आहारचर्या आज

दुर्ग। धन्य दिगंबर जैन समाज जिससे यह लाभ प्राप्त हो रहा है। आहार चर्या आज टेढ़ेसरा में सानंद संपन्न हुई पश्चात बिहार कर संध्या अंजोरा अपोलो कॉलेज में रात्रि विश्राम आपका होना है। कल प्रातः बिहार कर स्थानीय मंदिर जी में मंगल आगमन है । 5 मार्च बुधवार की आहार चर्या पद्मनाभपुर मे होगी।

# शहर के कचरे का खाद नहीं, बल्कि निगम कर रहा आग के हवाले

## शहर से छुपाकर आउटर में जलाया जा रहा हजारों ट्रक कचरा







जबकि ऐसी आशंका है कि, कचरों को निष्पादन करने में फैल निगम ने इसे आग के हवाले किया हैं। क्योकि इससे पहले भी यहां कचरे को डंप किया जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्वच्छता टीम के आने के पहले निगम प्रशासन पर्यावरण में प्रदुषण फैलाने का गुनहगार हो गया हैं। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के निर्देश के अनुसार प्लास्टिक के कचरों को आग के हवाले नही किया जा सकता है। इससे पर्यावरण में खतरनाक कैमिकल घुलकर वातावरण को नुकसान पहुंचाता हैं। लेकिन निगम प्रशासन नियम कायदों की धज्जियां उडाकर महमरा नदी रोड किनारे हजारों ट्रक कचरों को आग के हवाले कर दिया हैं। हरिभूमि ने पडताल में पाया कि, यह एक निजी जगह हैं। जमीन मालिक से संपर्क करने पर बताया गया कि, यह शहर से निकलने वाले कचरे को निगम प्रशासन ने एकत्रित किया हैं। उनका कहना है कि, शिवरात्री मेले में किसी आसामाजिक तत्व ने आग लगाई हैं। रहा था। निगम प्रशासन को इससे पहले एनजीटी ने नोटिस जारी किया था। उन्हें पुलगांव स्थित गौशाला के सामने खाली जमीन पर कचरा फेंकने को लेकर एनजीटी ने नोटिस जारी किया था। लेकिन हद तब हो गई तब लाखों टन कचरे का आग के हवाले किया जा रहा हैं। जबकि शहर से निकलने वाले कचरों का निगम खाद बनाने का दावा करती हैं।

## चुनाव आज : जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का होगा निवार्चन

# जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी के लिए दो महिलाओं के बीच टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग। जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी के लिए दो महिलाओं के बीच टक्कर की स्थिति हैं। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए आज जिला पंचायत में बारह बजे से चुनाव होगा। अध्यक्ष पद एससी होने के कारण बारह सीट में जीतकर आई भाजपा से एक और कांग्रेस से एक महिला प्रत्याशी मजबूत दावेदार है। कांग्रेस के मुकाबले भाजपा को सिर्फ एक सीट का बहुमत अधिक हैं। ऐसे में भाजपा ने चुनाव के एक दिन पहले अपने समर्थक वाले सीटों में पूरी तरह से नाकेबंदी कर दी हैं।

ऐसी संभावना है कि, अध्यक्ष के लिए कांग्रेस भी अपना प्रत्यशी उतार सकती हैं। जिला पंचायत के बारह सीट में भाजपा को छः और कांग्रेस को पांच सीट मिले है। जबकि भाजपा की बागी प्रत्याशी प्रिया साहू निर्दलीय है। ऐसे में पूरा दारोमदार निर्दलीय प्रत्याशी पर आकर टिक गई हैं। जिला पंचायत में अध्यक्ष बनने बहुमत जुटाने सात सीटो की जरूरत पडेगी। जबकि भाजपा के पास एक सीट कम है। ऐसे में भाजपा निर्दलीय प्रत्याशी को साधने का दावा कर रही हैं। बहरहाल भाजपा और कांग्रेस दोनो पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी हैं। अब देखना है कि, केन्द्र, राज्य और निगम तक ट्रिपल इंजन बनाने वाली भाजपा क्या गांव में चौपल इंजन बना पाएगी।

## बारह सीट में भाजपा का छः और कांग्रेस को पांच, एक निर्दलीय

### नौ महिला और तीन पुरूष जीतकर आए

जिला पंचायत के बारह सीट में भले ही सात सीट महिला के लिए आरक्षित थी। लेकिन अन्य सीट में मुक्त होने के चलते चुनाव लडने का विकल्प मिला और बारह सीट में नौ सीट महिला प्रत्याशी जीतकर आई है। जबकि तीन पुरूष प्रत्याशी जिला पंचायत में शामिल होगें। पिछले बार पांच पुरूष और महिला अध्यक्ष के साथ इनकी संख्या सात थी। इस बार बढकर नौ हो गई हैं।



### सोमवार देर रात बड़े नेताओं की चली बैठक

जिला पंचायत चुनाव को लेकर सोमवार को पर्यवेक्षक व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरी शंकर अग्रवाल दुर्ग पहुंचे थे। सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में देर रात चुनाव की रणनीति तैयार कर ली गई हैं। पता चला है कि, भाजपा उपाध्यक्ष के लिए पुरूष प्रत्याशी उतार सकता हैं। बहरहाल जिला पंचायत अध्यक्ष का आरक्षण एससी है। बारह सीट में जीतकर आए प्रत्याशी में दो ही महिला इस वर्ग से आ रही है। जिसमें भाजपा की क्षेत्र क्रमांक चार से जीतकर आई सरस्वती बंजारे और कांग्रेस से क्षेत्र तीन से विजई प्रत्याशी उषा सोनवानी है। ऐसे में अध्यक्ष पद के लिए इन्ही दो महिला प्रत्याशी के बीच चयन होगा।

### अध्यक्ष के 12 और उपाध्यक्ष के लिए दो बजे नामांकन

जानकारी अनुसार अध्यक्ष के लिए नाम निर्देशन फार्म बारह से साढे बारह बजे तक प्रस्तुत किया जाएगा। वही साढे बारह से 12.45 तक संवीक्षा, नाम वापसी और अंतिम सूची जारी 12.45 से एक बजे के बीच किया जाएगा। वहीं मतदान का समय सवा एक से पौने दो बजे और मतों की गणना पन्द्रह मिनट में कर दिया जाएगा। वही उपाध्यक्ष के लिए दो से ढाई बजे तक फार्म लेगें, ढाई से पौने तीन बजे तक संवीक्षा, पौने तीन से तीन बजे तक नाम वापसी व अंतिम सूची जारी करेगें। मतदान सवा तीन से पौने चार बजे तक होगा। मतों की गणना पन्द्रह मिनट के अंदर हो जाएगी।

### जिला पंचायत के बारह सीट की स्थिति

| क्षेत्र क्रमांक | प्रत्याशी | पार्टी |
|---|---|---|
| एक | पवन शर्मा | भाजपा |
| दो | दानेश्वर साहू | कांग्रेस |
| तीन | उषा सोनवानी | कांग्रेस |
| चार | सरस्वती बंजारे | भाजपा |
| पांच | जितेन्द्र यादव | भाजपा |
| छः | प्रिया साहु (बागी) | भाजपा |
| सात | आशा विक्की मिश्रा | कांग्रेस |
| आठ | श्रध्दा साहु | भाजपा |
| नौ | देवेन्द्र चंद्रवंशी | कांग्रेस |
| दस | नीलम चंद्राकर | भाजपा |
| ग्यारह | नोमिन ठाकुर | कांग्रेस |
| बारह | कल्पना साहु | भाजपा |

### हमारी बनेगी सरकार

जिला पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की सीट पर भाजपा की जीत होगी। हमने चुनाव की तैयारी कर ली हैं। पर्यवेक्षक भी बैठक ले चुके हैं। **-सुरेन्द्र कौशिक**, जिलाध्यक्ष दुर्ग

### उतारेंगे प्रत्याशी

जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए प्रत्याशी उतारेगें। हमारी बैठक पर्यवेक्षक सुबोध हरितवाल की उपस्थिति में हो चुकी हैं। **-निर्मल कोसरे**, जिलाध्यक्ष ग्रामीण

## विधायक ने उठाया नलघर और गंजपारा काम्प्लेक्स का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



■ उपमुख्यमंत्री ने शीघ्र दुकान नीलाम कराने

दुर्ग नगर निगम सहित प्रदेश के विभिन्न निगमो में व्यावसायिक परिसरों के आबंटन नहीं किए जाने के संबंध में मंगलवार को विधायक गजेन्द्र यादव ने विधानसभा सदन में मामला को उठाया। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने सभी जिले के कलेक्टर को आदेशित कर नीलाम आवंटन नहीं होने वाले व्यावसायिक परिसरों के नियम में संशोधित कर पुनः नीलाम प्रक्रिया कराने आवश्वासन दिए।

विधानसभा सत्र के छठवे दिन ध्यानाकर्षण में विधायक गजेन्द्र यादव ने सदन में नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री को बताया कि, दुर्ग नगर पालिक निगम अंतर्गत बहुत से व्यावसायिक परिसरों का निर्माण किया गया है। जिसका अब तक आबंटित नहीं हुआ है और न ही विक्रय किए जाने की कार्यवाही की गई है। पूर्व में निर्मित सभी व्यावसायिक परिसरों की स्थिति बहुत खराब होने लगी है। कुछ व्यावसायिक परिसरों की भवन तो इतनी जर्जर हो गई है कि, उसको ध्वस्त किए जाने की स्थिति निर्मित है न ही उसको संधारण व रखरखाव पर ध्यान दिया जा रहा है। आम जनता एवं व्यापारीगणों द्वारा निरंतर इन व्यायसायिक परिसरों को आबंटित किए जाने का मांग किया गया है, परंतु निगम के अधिकारियों द्वारा उसे आबंटित किए जाने हेतु वर्तमान स्थिति तक कोई समुचित कार्यवाही नहीं किया गया है।

### दर्जनों बार आक्शन, फिर भी नहीं बिके

दुर्ग नगर निगम क्षेत्र के जलगृह परिसर और गंजपारा के नाम लगभग 20 करोड़ की लागत से 2 बड़े व्यवसायिक काम्प्लेक्स बने थे। उस समय गाइडलाइन अनुसार जमीन व बाजार भाव अनुसार दर तय कर 11 बार ऑक्शन किया गया। लेकिन आज तक दुकान नीलाम नहीं हो पाई। निगम के राजस्व बढ़ाने की मंशा से सरकार ने बड़े व्यवसायिक काम्प्लेक्स निर्माण किये थे। उस समय जो ऑफसेट मूल्य तय किया गया था उसमे कुछ प्रतिशत कमी करने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से निवेदन किये, ताकी इतनी बड़ी राशि से बने बड़े भवन उपयोगी हो और जनता को उसका लाभ मिल सके।

## कोटनी में नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों ने किया शपथ ग्रहण

दुर्ग। ग्रामीण ग्राम पंचायत कोटनी में नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सरपंच रामसिंह निषाद ने सरपंच के तौर पर शपथ ग्रहण कर ग्राम विकास को बढ़ाने एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचा कर उनका लाभ पहुंचाने और बिजली, पानी, सड़क के साथ जनता कि मुलभूत सुविधाएं प्रदान करने की शपथ ली। नवनिर्वाचित पंचों ने भी ग्राम पंचायत का विकास पर एक मत होकर शपथ लिया। समारोह में पंचायत अधिकारी के रुप में सचिव नरोत्तम साहू ने शपथ दिलाई। शपथ लेने रामसिंह निषाद, सरपंच पद पर पंच पद पर भारती निषाद, मधु लता निषाद, कांति निषाद, ज्योति



ठाकुर, मालती निषाद, निर्मला निषाद, हीरामन निषाद, गणेश्वर निषाद, देवेंद्र साहू, पूर्णिमा निषाद, गंगोत्री निषाद, पूर्णिमा ठाकुर, सरवन ठाकुर, पोषण साहू, भीषम साहू, हेमलाल चक्रधारी, सुमन निषाद, महेंद्र रिगरी, हितेश्वरी साहू शामिल रहे। इस अवसर पर प्रीतम यादव खिलेश्वर निषाद विजय राजपूत गोकुल यादव तोमन यादव गौतरिया निषाद हेमंत विश्वकर्मा टीकाराम कुर्रे दुलेश यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय पर हों उपस्थित-कमिश्नर

दुर्ग। संभाग के आयुक्त एसएन राठौर ने संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। संभाग आयुक्त राठौर ने बैठक की एजेंडा अनुसार अधिकारियों से चर्चा करते हुए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारी को स्वच्छ छत्तीसगढ़ अंतर्गत नगरीय निकायों में सॉलिड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट हेतु पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी नगरीय निकाय में जमीन आदि की समस्याएं आ रही हो तो अवगत करा सकते है, शासन स्तर से उपलब्ध कराई जाएगी। जमीन के अभाव में व्यवस्था प्रभावित न हो अधिकारी यह सुनिश्चित करें। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने शिक्षा विभाग के अधिकारी से कहा कि प्रदेश में मादक पदार्थो की रोकथाम हेतु प्रस्तावित कार्ययोजना के तहत स्कूलों के आस-पास ठेलों गुमटी में मादक पदार्थों की बिक्री न होने पाए सुनिश्चित करें। शिकायत मिलने पर पुलिस और राजस्व विभाग की समन्वय से कोट्टप्पा एक्ट के तहत कार्यवाही किया जाये। इसी प्रकार स्कूली बच्चों का आय, जाति, निवास, जन्म प्रमाण पत्र के लिये विभागीय पहल किया जाए।

## 31 तक जमा करें हाउस टैक्स, नहीं तो होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ अवकाश दिवस में भी खुले कार्यालय



शहर के लोगों को नगर निगम प्रशासन ने पेनल्टी से बचने के लिए फिर एक मौका दिया है। नगर निगम ने लोगों को टैक्स एवं दुकान किराया पटाने के लिए आखिरी मौका दिया है। जिसमें आने वाले तीन दिन छुट्टियों के बाद भी नगर निगम स्थित काउंटर कार्यालय खुले रहेंगे। लोग इस वित्त वर्ष के लिए 31 मार्च तक नगर निगम का टैक्स जमा सकते हैं। 31 मार्च तक टैक्स नहीं जमा करने वालों पर पेनल्टी लगेगी। इतना ही नहीं आगे समय बढ़ने पर पेनल्टी की दर भी बढ़ती जाएगी। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा है कि जिन लोगों ने संपत्ति कर जमा नहीं किया है वो जमा कर दें। 1 अप्रैल के बाद फाइन लगेगा। 31 मार्च के बाद 1000 पेनाल्टी नगर निगम द्वारा लगना शुरू हो जाएगा। निगम आयुक्त द्वारा राजस्व विभाग की पुरी टीम को 8 करोड़ का टारगेट दिया है, इसके लिए राजस्व विभाग टीम सुबह 10 से शाम 6 बजे तक मेहनत कर पसीना बहा रहे है। राजस्व अधिकारी आरके बोरकर व सहायक राजस्व अधिकारी भूपेंद्र शुभम गोइर ने बताया आवश्यकता अनुसार कैंप लगाने के लिए भी कहा गया। दिए हुए टारगेट के क्रम में अपनी रफ्तार को तेज कर दिया है। अवकाश दिवस में भी बेहतर कार्य कर रहे हैं। जिसकी आयुक्त सुमित अग्रवाल ने भी प्रशंसा की। लगातार शहर में हाउस टैक्स जमा करने के लिए प्रचार प्रसार भी बृहद स्तर पर चल रहा है। नगर निगम ने क्षेत्र के सभी करदाताओ से अपील अपने सम्पति कर का भुगतान 31 मार्च के पहले करे। टैक्स नही जमा करने से प्रतिवर्ष 1000 रुपये पैनल्टी एवं सम्पति कर का 15 अधिभार लगता है।

## लाइनमैन दिवस पर लाइनकर्मियों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण एवं पॉवर कंपनीज के निर्देशानुसार विद्युत वितरण व्यवस्था के आधार पर लाईनकर्मियों को समुचित सम्मान देने उन्हें उनकी सुरक्षा के प्रति सजग करने और आमजन को लाईन कर्मियों के प्रति संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से 4 मार्च को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र में लाईनमैन दिवस का आयोजन किया गया। दुर्ग जिले में स्थित संभागीय कार्यालयों में पदस्थ लाईनकर्मियों के लिए बीआईटी कॉलेज स्थित सभागार में 41 लाईनकर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विभागीय संभाग बालोद, बेमेतरा एवं साजा में भी संबंधित संभागीय कार्यालय में ही कार्यक्रम का आयोजन कर 20 लाईनकर्मियों को सम्मानित किया गया।

क्षेत्रीय मुख्यालय दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने कहा कि बिजली वितरण के कार्य में इन कर्मवीरों का सबसे अहम योगदान है। ये कंपनी एवं उपभोक्ता के बीच की प्रथम कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि आज बिजली के बिना जीवन असंभव सा प्रतीत होता है। जीवन के हर क्षेत्र जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन, ट्रांसपोर्ट, जल आदि अन्य क्षेत्रों में बिजली की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## नगरी निकाय चुनाव के पश्चात पंचायत चुनाव में लहराया परचम

# भाजपाइयों ने जिला कार्यालय में मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ जनपद चुनाव में जीत से उत्साह

मंगलवार को जनपद पंचायतों के चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद भाजपाईयों ने जिला कार्यालय में एकत्रित होकर जश्न मनाया। दुर्ग में उपाध्यक्ष को छोड तीनों जनपदों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनाने में भाजपा सफल हुई। देर शाम भाजपाईयों ने जमकर जीत के नारे भी लगाए।

जनपद अध्यक्षों के निर्वाचन में दुर्ग, पाटन, धमधा में भारतीय जनता पार्टी ने बाजी जीती है। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक को जिनके कुशल नेतृत्व में सारे चुनाव लड़े गए और उनके कुशल रणनीति के चलते कांग्रेस पार्टी चारों खाने चित हो गई आज दुर्ग जनपद का चुनाव अध्यक्ष पद में कुलेश्वरी देवांगन ने जीता धमधा में लीमन साहू, पाटन में कीर्ति नायक ने जीत प्राप्त की जनपद पंचायत दुर्ग में जीत के पश्चात जिला भाजपा कार्यालय में जश्न मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक ललित चंद्राकर, जिला मंत्री आशीष निमजे, दीपक चोपड़ा, कार्यालय मंत्री एवं जनपद पंचायत पर्यवेक्षक मनोज सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता जिला मीडिया प्रभारी राजा महोबिया , नितेश साहू, मुकेश बेलचंदन, रितेश शर्मा, लिकेश्वर देशमुख गिरेश साहू, पूरन देशमुख ,सानिध्य चंद्राकर, नवीन पवार, ताम्रध्वज साहू, योगेंद्र दिल्लीवार, राजू देशमुख, पूनम चंद सपहा, राहुल दीवान, जनपद सदस्य गोकुल वर्मा, सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे ।



### पीएम की गारंटी और विष्णु का सुशासन

जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन से भाजपा की जीत का मार्ग और प्रशस्त हो गया मैं भारतीय जनता पार्टी के समस्त वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करता हू जिनका मार्गदर्शन हमें लगातार मिलता रहा और समस्त कार्यकर्ताओं का हृदय से साधुवाद ज्ञापित करता हूं। जिन्होंने पार्टी को इस मुकाम तक पहुंचाया।

### पंच से पार्लियामेंट का था सपना

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा पंच से लेकर पार्लियामेंट तक का सपना हम सभी ने देखा था और इस सपना के सफर पूरा करने के लिए हमारी भारतीय जनता पार्टी के देव तुल्य कार्यकर्ताओं ने दिन-रात एक अपनी मेहनत कार्य कुशलता और तन मन धन लगाकर पार्टी को एक ऐतिहासिक मुकाम तक पहुंचाया। उन्होने कहा यह सभी को ज्ञात है इन विषम परिस्थितियों के बावजूद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी को विधानसभा लोकसभा नगरी निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ऐतिहासिक जीत दिलाई।

## खबर संक्षेप

### मछली व मोती पालन का झांसा, 10.45 लाख की ठगी

**भिलाई।** मछली और मोती पालन के लिए लोन का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी के मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाईनगर पुलिस ने बताया कि तालपुरी निवासी अभिषेक बंछोर ने शिकायत किया है कि नमो एग्रीकल्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ऑफिस नं. 117 प्रथम तल कर्सन चेम्बर टिम्बर मार्केट देवेन्द्र नगर रायपुर के दिनेश सरकार ने जुलाई वर्ष 2023 में मकान तालपुरी आकर मछली व मोती पालन करने के लिए 10 लाख 45 हजार रुपए का लोन देने पर 50 प्रतिशत तक का छूट दिलाने का झांसा दिया था। पैतृक गांव की जमीन को आरोपी ने देखा था। जिसे देख लोन मिलने की बात कही थी। लोन में देरी होने पर आरोपी दिनेश सरकार पीड़ित से 10 लाख 45 हजार रुपए लेकर काम चालू किया। लोन नहीं मिलने पर पीड़ित अपनी रकम आरोपी से लौटाने की मांग करता रहा। नहीं लौटाने पर पुलिस में शिकायत की।

### पुलगांव थाने से पाक्सो का आरोपी हुआ फरार

**भिलाई।** नाबालिग से अनाचार करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को पकडकर थाने लाई थी। लेकिन पुलगांव पुलिस की बड़ी लापरवाही के कारण आरोपी थाने से फरार हो गया है। मिली जानकारी के मुताबिक हरिश नामक युवक को पुलिस ने नाबालिग के साथ अनाचार करने के मामले में पकड़क कर पुलिस पुलगांव थाने लेकर आई थी। लेकिन पुलगांव पुलिस की बड़ी लापरवाही के कारण थाने से आरोपी हरिश फरार हो गया। घटना की जानकारी लगने पर जब ट्रेनी आईपीएस चिराग जैन से घटना को लेकर पूछताछ किया गया तो बुधवार को जानकारी देने की बात कहते रहे। वहीं थाना प्रभारी पी भठ्ठ से कॉल करने पर कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। जबकि पुलगांव थाना क्षेत्र में लगातार अपराधों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। इसे रोकने में पुलगांव पुलिस पेल होती दिखाई दे रही है। वहीं पाक्सों का आरोपी थाने से फरार हो गया। खबर लिखे जाने तक आरोपी पकड़ से बाहर है।

# गौतम नगर में पीलिया के 30 और मरीज मिले, लोगों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

मंगलवार को गौतमनगर खुर्सीपार वार्ड 42 में पीलिया के 30 और नए मरीज मिले। 13 सैंपल लिए गए। 7 लोगों में पीलिया की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग और नगरनिगम की टीम पूरे दिन क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर और पानी की जांच में जुटी रही। वहीं इस क्षेत्र में औद्योगिक कंपंनियों की केमिकलयुक्त पानी लोगों के घरों में पहुंच रहा है। लोग गड्ढे खोदकर पाइपलाइन में छेद कर पानी ले रहे हैं। इससे भी पानी दूषित हो रहा है।

## गड्ढे खोदकर पाइप लाइन में छेद कर पी रहे पानी, केमिकल युक्त पानी है वजह

### आयुक्त ने किया क्षेत्र का दौरा

भिलाई क्षेत्र के जोन-4 शिवाजी नगर खुर्सीपार अंतर्गत वार्ड क्रं. 42 गौतम नगर में पीलिया, डायरिया फैलने की सूचना मिलते ही आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे एवं विभागीय अधिकारियों को लेकर वार्ड का निरीक्षण करने पहुंचे। वहां जाकर वार्ड के नागरिको से पेयजल आपूर्ति की जानकारी प्राप्त किये। विभिन्न जगहो से पानी का सेम्पल लिया गया है, जिसको परीक्षण के लिए संबंधित विभाग में भेजा गया है। स्थानीय निवासियो एवं निगम कर्मचारियो से जानकारी प्राप्त हुई कि प्रभावित परिवारों द्वारा पुराने बोर के पानी का उपयोग किया जा रहा है। जिसको बंद करवाया गया, निगम के फिल्टर प्लांट से फिल्टर युक्त पानी की सप्लाई लाईन वहां बिछी हुई है, उसी से पानी लेने कहा गया। जिस क्षेत्र में वाटर लेवल कम है, वहां पर टेंकर से पानी की सप्लाई की जा रही है।



### अवैध तरीके से पाइल लाइन से पानी

निरीक्षण के दौरान यह भी पता चला कि बहुत से लोग सप्लाई वाटर में अवैध तरीके से जमीन में गढढा करके पाईप लाईन में छेद करके स्वयं कनेक्शन जोड़ लिये है। जिसमें से पानी लीकेज हो रहा है, उसमे मोटर भी लगा लिये है। पानी का मोटर तेजी से पानी खींचने के कारण दूषित पानी भी खींच लेता है। सभी घरों में क्लोरिन का टेबलेट बांटा गया।

### क्लोरीन टेबलेट फेक रहे लोग

निगम आयुक्त को यह देखकर आश्चर्य हुआ कि निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी क्लोरिन टेबलेट बांटते है, लोग उसका उपयोग न करके उसको फेंक देते है। वहीं दूसरे तरफ ज्यादातर घरों में सप्लाई पाईप लाईन में अवैध रूप से मोटर लगाकर पानी खींचा जा रहा है। इससे ऊचांई वाले जगहों पर पानी का दबाव कम हो जाता है। लोग अमृत मिशन के पानी को नालियो में गिरा रहे है, सड़क व गाड़ी धो रहे है, पानी बर्बाद कर रहे है।

### केमिकलयुक्त पानी से ज्यादा परेशानी

“ औद्योगिक कंपंनियों से केमिकल लोगों के घरों में पहुंच रहा है। जिसकी वजह से पीलिया व डायरिया जैसी समस्याओं से लोग घिर रहे हैं। स्वास्थ्य व निगम विभाग का अमला यहां पहुंचकर कार्य कर रहा है। हमारी पूरी कोशिश समस्या को रोकने का है।

**विनोद सिंह,**
पार्षद वार्ड 42

## अल्ट्रासाउंड कराने वालों के लिए बैठने की व्यवस्था नहीं

# सेक्टर नौ जेएलएन हास्पिटल की अव्यवस्था से बढ़ी मरीजों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सेक्टर 9 हास्पिटल में बढ़ रही समस्याओं के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यूनियन ने इनके जल्द निदान के लिए बीएसपी प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। स्टील इम्पलाइज यूनियन इंटक पदाधिकारियों ने सेक्टर 9 हॉस्पिटल की अव्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कराने वाले मरीजों को बैठने की व्यवस्था करने और रिक्त विशेषज्ञ चिकित्सकों की जल्द भर्ती करने की मांग की है।

इंटक की सेक्टर 3 कार्यालय में हुई बैठक में सेक्टर नौ हास्पिटल की समस्याओं पर चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने थायराइड मरीज के लिए भी डॉक्टर के पास ऑनलाइन टोकन बुकिंग की व्यवस्था करने एवं वार्ड में सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने की मांग की। सचिव गणेश सोनी ने कहा कि सेक्टर 9 हॉस्पिटल में अल्ट्रासाउंड कराने वाले मरीजों के लिए वेटिंग हॉल बना हुआ था जिसमें अभी नई एमआरआई मशीन लगा दी गई है। इससे अल्ट्रासाउंड कराने वाले मरीजों को गलियारे में घंटों खड़ा होना पड़ रहा है। सेक्टर 9 अस्पताल प्रबंधन के लोग वहीं से गुजरते हैं लेकिन उन्हें मरीजों की तकलीफ नहीं दिख रही है। यहां जल्द बैठने की व्यवस्था की जाए। वरिष्ठ सचिव राजकुमार ने कहा कि हॉस्पिटल के वार्ड में सफाई कर्मियों की भर्ती की जाए एवं सफाई की समुचित व्यवस्था की जाए साथ ही प्राइवेट अटेंडेंट का पुलिस वेरिफिकेशन होना आवश्यक है। विशेषज्ञ डाक्टरों की भी जल्द नियुक्ति की मांग की गई। सचिव के. रमन मूर्ति ने कहा कि अस्पताल में थायराइड के मरीजों के लिए भी डॉक्टर के पास ऑनलाइन बुकिंग की व्यवस्था की जाए। ऑफलाइन बुकिंग कराने के लिए मैरिज या परिजन को सेक्टर 9 आना पड़ता है। बायोमैट्रिक अटेंडेंस शुरू होने के बाद कर्मचारियों को इससे और अधिक तकलीफ हो रही है।

### समस्याओं पर भड़के इंटक ने की प्रबंधन से जल्द निदान की मांग



### प्लांट में खोलें मॉडल कैंटीन

पिछले कई वर्षों से प्रबंधन कभी मॉडल कैंटीन खोलने तो कभी कॉफी हाउस खोलने की बात करता है लेकिन अभी तक इस तरह की कोई भी व्यवस्था नहीं की गई है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। प्लांट में जल्द तीन जगह पर मॉडल कैंटीन की व्यवस्था की जाए। सभी कैंटीन कर्मचारियों का इंश्योरेंस सुनिश्चित किया जाए और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि वहां पर कर्मचारी हैंड ग्लव्स पहनते हैं या नहीं। पिछले दिनों रेल मिल में एक कैंटीन कर्मचारी के आकस्मिक निधन के बाद इन समस्याओं की तरफ सभी का ध्यान गया है। प्रबंधन इसको गंभीरता से लेते हुए कैंटीन कर्मचारियों का इंश्योरेंस एवं कैंटिनो की साफ सफाई पर विशेष ध्यान दे।

### जल्द सुलझें अस्पताल की समस्याएं

महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि सेक्टर 9 हॉस्पिटल में अल्ट्रासाउंड कराने वाले मरीजों के प्रति अस्पताल प्रबंधन को संवेदनशील होना चाहिए। मांडल कैंटीन खोलने सहित अस्पताल से जुड़े सभी मुद्दों के लिए शीघ्र सेक्टर 9 हॉस्पिटल प्रबंधन से चर्चा कर समाधान कराया जाएगा। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस रवि, उप महासचिव शिव शंकर सिंह, धनेश प्रसाद, रमाशंकर सिंह, अनिमेष पसीने, जीके अग्रवाल, रेशम राठौर, डी शंकर, गणेश सोनी आदि उपस्थित थे।

## होली पर्व पर सुरक्षा का करें पुख्ता इंतजाम एसपी ने ली थाना प्रभारियों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

अपराधों को लेकर एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने पुलिस कण्ट्रोल रूम में पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान एसपी ने लंबित अपराधों की समीक्षा करने, नियमानुसार नियत समय पर निराकरण किए जाने के लिए थाना चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया।

वरिष्ठ कार्यालयों से मिले पत्रों का वाचन गणना समय में किए जाने, सभी कर्मियों को ब्रीफिंग करने और सभी को दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा है। जिले में हाल ही में सम्पन्न हुए ग्राम पंचायत चुनाव शांतिपूर्वक हुआ इसे लेकर अधिकारियों कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। आने वाले दिनों में होली, नवरात्रि, ईद आदि त्यौहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चौकस रहने हिदायत दिया है। शिकायत आवेदन लेकर थाना चौकी पहुंचने वालों के आवेदकों के शिकायतों को सुनने यथा संभव आवेदक को गंभीरता से लेने, लंबित शिकायतों विशेषकर विगत वर्षों के शिकायतों का निराकरण शीघ्र किए जाने को कहा है। थानों में विगत वर्षों के लंबित मर्गों की जांच शीघ्र पूर्ण कर नियमानुसार निराकरण करने का भी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है। बैठक में सुखनंदन राठौर, अभिषेक झा, सुश्री ऋचा मिश्रा, आईपीएस राहुल बंसल, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, डीएसपी एलेक्जेण्डर किरो, सदानंद विंध्यराज, क्राइम डीएसपी हेम प्रकाश नायक, डीएसपी अजय सिंह समेत चौकी, थाना प्रभारीगण मौजूद थे।

- चौकी व थाना प्रभारी अधिकारियों को हिदायत

### अधिकारी व कर्मियों के लिए हेलमेट अनिवार्य

एसपी ने कहा कि लंबित गिरफ्तारी स्थायी वारण्टों की तामिली अभियान चलाकर करने, सम्पत्ति से जुड़े फरार आरोपियों की पतासाजी गिरफ्तारी के लिए सार्थक प्रयास करने, लघु अधिनियम, प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत अधिक से अधिक कार्रवाई करने, थाने में पदस्थ सभी अधिकारी, कर्मचारी, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अनिवार्य रूप से धारण करें। इसे थाना चौकी प्रभारियों को देखने, अधीनस्थों को सख्त हिदायत दिए जाने के निर्देश दिए है।

# दस्तावेज पेश नहीं कर पाए, दक्षिण गंगोत्री का अवैध निर्माण ढहाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के दक्षिण गंगोत्री रेल्वे लाईन के पास 2 व्यक्तियों द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा था। जिसके काम को राजस्व विभाग द्वारा रविवार को बंद कराया गया था। सोमवार के दिन अवैध निर्माणकर्ता रविंदर सिंह/पिता ब्रम्हदेव सिह और जेठू राम साहू/पिता स्व. फूदूक राम साहू को 24 घंटे के अंदर निर्माण एवं भूखण्ड से संबंधित कागजात लेकर जोन कार्यालय में बुलाया गया था। आवेदक उपस्थित होने पर पता चला कि आवेदक के पास आबंटन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं पाया गया। बिना परमिशन, भवन अनुज्ञा लिये अवैध रूप से लगभग 2500 वर्ग फुट एवं 1800 वर्गफुट में पक्का निर्माण किया जा रहा था। रविवार के दिन आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय निरीक्षण के दौरान स्वयं अवैध निर्माण का संज्ञान प्राप्त किये थे। वही से सहायक राजस्व अधिकारी प्रशन्न तिवारी को संबंधित को नोटिस देने के लिए आदेशित किये थे।

- भिलाई निगम ने 24 घंटे के भीतर की कार्रवाई



### कागजात पेश नहीं कर पाए भूस्वामी

अवैध कब्जाधारी द्वारा समय अवधि में खाली नहीं करने के कारण जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में जोन-1 के राजस्व विभाग, भवन निर्माण अधिकारी एवं पुलिस बल की उपस्थिति में नगर निगम भिलाई द्वारा कार्यवाही करके अवैध निर्माण को जे.सी.बी. के माध्यम से गिरा दिया गया। जोन आयुक्त अजय राजपूत द्वारा बताया गया कि वर्तमान में जोन 01 नेहरू नगर क्षेत्रांतर्गत बहुत से लोगो द्वारा बिना भवन अनुज्ञा के मकान का निर्माण किया जा रहा है। ऐसे व्यक्तियो पर निगम द्वारा निरंतर कार्यवाही की जावेगी। किसी प्रकार की नगर निगम के भूखण्ड में अवैध निर्माण न करे। आपके द्वारा जो भी पक्का या कच्चा निर्माण किया जायेगा। उसे नगर निगम के दल द्वारा संज्ञान में आने पर तोड़ा ही जायेगा। इससे निर्माण करने वाले का ही नुकसान होगा। जो भी लागत है, वह सब बर्बाद हो जायेगा। इसमें कार्यवाही के दौरान जो भी खर्च आयेगा। उसका भरपाई भी संबंधित व्यक्ति से की जावेगी। अंत तक आपका मकान अवैध निर्माण ही कहेलायेगा। मकान, आदमी अपने एवं अपने बाल बच्चो के लिए बनाता है, यह किसी प्रकार से भी वैद्य नहीं होगा। यह पूरी तरह स्पष्ट है कि किसी भी भूखण्ड का संपत्तिकर जमा कर देने से उस पर मालिकाना हक नहीं हो जाता है। संपत्तिकर जमा करने की रसीद कोई प्रमाण भूखण्ड पर निर्माण करने से नहीं होता है। निरीक्षण के दौरान प्रशासन से अभियंता सिद्धार्थ साहू, राजस्व निरीक्षक नरसिंग साहू, शशांक शेखर सिंह, नन्दू सिन्हा, ईमान कनौजे, निरंजन असाटी, दिनेश बेलचंदन आदि उपस्थित रहे।

## डीएसपी समेत प्रधान आरक्षक हुए सेवानिवृत्त



**भिलाई।** पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों को सेक्टर 6 स्थित पुलिस कंट्रोल रुम में कार्यक्रम आयोजित कर कर्मियों को विदाई दी गई। इस दौरान एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने डीएसपी संजय पुंढीर, प्रधान आरक्षक राजकरण सिंह, परसराम सिन्हा, नीलकंठ नेताम का सम्मान कर उन्हें विदाई दी गई। सभी कर्मियों ने विभाग को अपना 35 से 40 वर्ष की सेवा का अनुभव का साझा किया। एसपी शुक्ला ने कहा कि सभी सेवानिवृत्त हो रहे है, पुलिस विभाग में पूर्ण क्षमता से इतने वर्षो तक किए गए कार्य के लिए मैं आपकी प्रशंसा करता हूँ। पुलिस विभाग की ओर से सभी को शुभकमनाएं। सेवानिवृत्त हो रहे सभी अधिकारी कर्मचारियों ने जो अनुभव साझा किए है जो बात कही है वह पुलिस विभाग के लिए प्रेरणा स्वरूप है। सभी एक परिवार के रूप में है और जब कभी भी पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यकता होगी। हम सदैव मदद् के लिए तत्पर रहेगें। सेवानिवृत्त कर्मियों को श्रीफल और शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एएसपी सुखनंदन राठौर, अभिषेक झा, ऋचा मिश्रा, आईपीएस चिराग जैन, राहुल बंसल, सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, हरीश पाटिल, चंद्र प्रकाश तिवारी, क्राइम डीएसपी हेम प्रकाश नायक समेत अन्य मौजूद थे।

## खुर्सीपार में फैले पीलिया को लेकर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**भिलाई।** आम आदमी पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष आरटीआई विंग प्रदेश सचिव क़े ज्योति भिलाई नगर विधान सभा अध्यक्ष जसप्रीत सिंग के नेतृत्व में भिलाई निगम आयुक्त कों ज्ञापन सौंपा गया जिसमें खुर्सीपार में फैले पीलिया कों लेकर कहा गया है कि वार्ड 42 में पीलिया से ग्रसित बीमारी की जकड़ में हैं। लगभग 25 लोग इसके चपेट में आ चुके हैं निगम के अधिकारी इस बीमारी को गंभीरता से नहीं लेते साफ पानी सफाई की व्यवस्था पर ध्यान नहीं देते। जिससे पानी खराब होने से पीलिया के फैलने का खतरा बढ़ जाता है। फैक्ट्री से निकलने वाला केमिकल का पानी लोगों की घर तक पहुंच रहा है इस दौरान मेहरबान सिंह क़े ज्योति जसप्रीत बलविन्दर, अविनाश, हरचरण सिंह, धर्मेंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

## मकान में लगी आग, सिलेंडर हुए ब्लास्ट



**भिलाई।** अचानक मकान में आग लगने से सारा सामान जलकर खाक हो गया। मकान के भीतर रखे गए सिलेंडर भी आगजनी के समय में ब्लास्ट होने का मामला सामने आया है। किसी तरह आग को दमकल कर्मियों ने मशक्कत के बाद काबू पाया। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम सेलूद निवासी उमेश देवांगन के मकान में आगजनी की घटना हुई। सूचना पर अग्निशमन विभाग की टीम पहुंची लेकिन आग मकान के चारो ओर फैल गई थी। आग से सिलेंडर में भी ब्लास्ट हुआ। किसी तरह लोगों को मकान से दूर भेजा गया। दमकल कर्मियों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना उतई थाना क्षेत्र का है। फायर ब्रिगेड वाहन के साथ विजय चतुर्वेदी के नेतृत्व में फायरमैन मनोज सोनवानी, कुंजेश देशमुख, रूपेंद्र देशमुख और शारदा प्रसाद की टीम को वहां भेजा। टीम जैसे ही सेलूद के मकान में पहुंची थी भीषण आग लगी थी। लोग किसी तरह आग को बुझाने का प्रयास कर रहे थे। तभी एक बड़ा ब्लास्ट हुआ। अग्निशमन कर्मियों और उतई पुलिस ने मकान के आसपास से लोगों की भीड़ को दूर किया। लोगों के मुताबिक मकान के भीतर गैस सिलेंडर आग से ब्लास्ट कर रहा है। इसलिए घटना स्थल से दूर रहने की सभी को सलाह दी गई थी।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## बिहार पहुंचे विधायक देवेंद्र, कांग्रेस की बैठक में हुए शामिल



**भिलाई।** बिहार चुनाव होने से पहले चुनाव की तैयारी को लेकर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने बिहार प्रदेश का दौरा शुरू कर दिया है। कांग्रेस ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिव व भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव मार्च मंगलवार को बिहार पहुंचे। प्रथम बिहार आगमन के अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रभारी कृष्णा अलावरू, विधायक मुन्ना तिवारी, ब्रजेश पांडे एवं अन्य वरिष्ठ नेता ने सदाकत आश्रम पटना में स्वागत और अभिनंदन किया। कांग्रेसियों ने भिलाई और छत्तीसगढ़ के विधायक देवेंद्र यादव से मिलकर बड़ी खुशी जाहिर की।

### जेल में रहते हुए एआईसीसी हुए थे नियुक्त

गौरतलब है कि बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाला है। इससे पहले जब भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव जब जेल में थे। तब कांग्रेस कमेटी ने विधायक देवेंद्र यादव पर भरोसा जताया और उन्हें बड़ी जिम्मेदारी देते हुए कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी बनाई गई है, जिसमें भिलाई विधायक देवेंद्र यादव को शामिल किया गया था। आने वाले कुछ महीनों बाद बिहार में विधानसभा चुनाव हैं। अब विधायक देवेंद्र यादव को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिला चुका है। जमानत मिलने के बाद ही विधायक को दिल्ली से सीधे राहुल गांधी का बुलाया आवा और वे राहुल गांधी से मुलाकात किए थे। इसके बाद वे अब बिहार में चुनावी कमान संभालने के लिए पहुंच चुके है। विधायक देवेंद्र के आने से बिहार कांग्रेस कमेटी में काफी उत्साह और उमंग का माहौल है।









हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 5 मार्च 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 9755819129



04

चीता फैशन


लाइव इवेंट

## साध्वी गुरुमति सहित अन्य माताएं विद्युत नगर जैन मंदिर आएंगी आज



**दुर्ग।** आचार्य विद्यासागर की प्रभावक शिष्या आर्यिका 105 गुरुमति माता ससंघ पदविहार कर अंजोरा स्थित अपोल कॉलेज पहुंच चुकी है। उनके साथ 46 साध्वियां पदविहार कर डोंगरगढ़ से शिखर जी की ओर बढ़ रही हैं। जैन समाज के संजय बोहरा ने बताया कि साध्वी गुरुमति सहित अन्य माताएं 5 मार्च की सुबह विद्युत नगर दिगंबर जैन मंदिर में पहुंचेगी। यह आनंद और मंगल का समय है। इतनी सारी साधु-साध्वी-तपस्वी का लाभ दुर्ग जैन समाज को मिलने जा रहा है। एक साथ एक समय में इतनी साध्वी माता के दर्शन का सौभाग्य बहुत कम प्राप्त होता है। मंगलवार को आहार चर्या के बाद टेडेसरा से चलकर देर शाम वे अंजोरा पहुंची। अपोलो कॉलेज में रात्रि विश्राम किया। 5 मार्च की सुबह मंगल विहार कर वे दिगंबर जैन मंदिर विद्युत नगर पहुंचेंगी।

सिटी इवेंट

## तबला में छत्तीसगढ़ नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने मारी बाजी, हुई सम्मानित



भिलाई । पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में हुए कल्चरल फेस्ट में छत्तीसगढ़ नर्सिंग कॉलेज धनोरा की बीएससी नर्सिंग की छात्रा विद्या साहू ने इंस्टुमेंटल म्यूजिकल कैटेगरी के तबला वादन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम ने अपने कॉलेज और पेरेंट्स का नाम रोशन किया है। यह कल्चरल फेस्ट आयुष यूनिवर्सिटी रायपुर द्वारा प्रायोजित था। यह नर्सिंग के क्षेत्र में प्रदेश का पहला कल्चरल उत्सव था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पीके पात्रा थे, जो अभी वर्तमान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय में वाइस चांसलर हैं।छत्तीसगढ़ नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य प्रिंस वर्गीस ने विजेता को बधाई देते हुए जीवन में और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। अन्य सभी प्रतियोगियों को भी शुभकामनाएं दी।

सिटी इवेंट

## सीआईएसएफ का स्थापना दिवस 7 को साइकिल यात्रा के जरिए देंगें समर्पण का संदेश

**भिलाई।** सीआईएसएफ अपने 56वें स्थापना दिवस को एक नई पहल के साथ मनाने जा रहा है। सुरक्षित तट, समृद्ध भारत नाम से एक एक अनूठी साइकिल रैली निकाली जाएगी, जो भारत की मुख्य भूमि तटरेखा को पार करते हुए 6,553 किलोमीटर का रास्ता तय करेगी। दो साइकिल चालक दल एक साथ इस असाधारण यात्रा पर निकलेंगे। एक दल कच्छ, गुजरात के लखपत किले से शुरू करेगा, जबकि दूसरा दल दक्षिण 24 परगना, पश्चिम बंगाल के बक्खाली से अपनी यात्रा को प्रारंभ करेगा। 25 दिनों तक भारत की तटीय सड़कों पर यात्रा करने के बाद दोनों दल 31 मार्च को तमिलनाडु के कन्याकुमारी स्थित प्रतीकात्मक विवेकानंद रॉक मेमोरियल में एकत्रित होंगे। यह महत्वाकांक्षी अभियान केवल शारीरिक सहनशक्ति का प्रदर्शन नहीं है, यह तटीय सुरक्षा के प्रति सीआईएसएफ की प्रतिबद्धता और भारत की आर्थिक समृद्धि की सुरक्षा में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में एक सशक्त सन्देश है। भिलाई में भी स्थापना दिवस पर 7 मार्च को परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भिलाई सेंट्रल सेक्टर में उप निरीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि भारत की व्यापक तटरेखा, जिसमें 72 प्रमुख बंदरगाहों सहित 250 से अधिक बंदरगाह हैं। मात्रा के हिसाब से राष्ट्र के 95% व्यापार और इसके अधिकांश तेल आयात को संभालती है। ये बंदरगाह व्यापार के महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार हैं और रिफाइनरी, शिपयार्ड और परमाणु ऊर्जा संयंत्रों सहित महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का घर हैं, जिससे उनकी सुरक्षा सर्वोपरि हो जाती है। रैली भारत की समृद्ध समुद्री परंपराओं, इतिहास और भूगोल के बारे में जागरूकता फैलाने का एक मंच बनेगी, जिससे तटीय समुदायों और राष्ट्र के लिए उनके योगदान की महत्ता को उजागर किया जाएगा। 14 साहसी महिलाओं सहित कुल 125 सीआईएसएफ कर्मी इस प्रयास में भाग लेंगे लखपत किला गुजरात, बक्खाली पश्चिम बंगाल, गेटवे ऑफ इंडिया मुंबई, कोणार्क ओडिशा और विवेकानंद रॉक मेमोरियल कन्याकुमारी में कार्यक्रम होंगे।

एलुमिनी मीट : कल्याण कॉलेज में 1983 से 2015 तक पढ़े 250 से ज्यादा छात्र हुए शामिल

# वो दिन, वो यार, फिर एक बार...पुराने दोस्तों ने याद किया पुराने दिन, लाखों का फंड देने दी सहमति

कल्याण कॉलेज सेक्टर-7 में वो दिन, वो यार, फिर एक बार थीम पर एक अनोखा एलुमिनी मीट का आयोजन किया गया। यह इवेंट 1983 से लेकर 2015 तक पढ़े विद्यार्थी शामिल हुए। इनमें से कुछ ऐसे छात्र भी पहुंचे, जो आज खुद बुजुर्ग हो चुके हैं। उन्होंने अपने कॉलेज में बिताए पुराने दिनों को याद किया। अपने शिक्षकों के बारे में पूछा। कॉलेज कैम्पस, अपनी क्लास और दोस्तों के साथ बिताए गए समय को याद कर उनकी आंखें भी डबडबा गई। अपने तरह के अनोखे इस आयोजन को कल्याण पीजी कॉलेज के एजुकेशन डिपार्टमेंट ने आयोजित किया। इस अवसर पर पूर्व छात्रों ने कॉलेज और स्टूडेंट्स के लिए आर्थिक रूप से सहयोग के लिए भी सहमति दी।

भिलाई। इस अवसर पर शिक्षा संकाय के 1983 से लेकर 2015 तक के लगभग 250 भूतपूर्व विद्यार्थी शामिल हुए। भूतपूर्व विद्यार्थियों ने अपने छात्र जीवन के अनुभवों को मंच पर साझा किया। सभी भूतपूर्व विद्यार्थियों के लिए खेल इवेंट का आयोजन किया गया। साथ-साथ भूतपूर्व विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इसमें नीतू साहू ने शिव भजन, विनय कुमार शर्मा ने गीत, देश राम राय एवं माधवी द्वारा नृत्य, हंसराज बांधडे ने कविता, दीपक नायक एवं डॉ.कविता वर्मा ने गीत, डॉ.अनुपमा भोसले ने आकर्षक कथक, बाल मुकुंद, डॉ.अंजन कुमार, कविता, देवेंद्र कुमार, शैलेंद्र कुमार, कन्हैया लाल, गिरीश कुमार, स्वर्णलता और अन्य ने अपने अनुभवों को साझा किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कल्याण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विनय शर्मा थे। विशेष रूप से भूतपूर्व विभागाध्यक्ष डॉ.सुमन लता सक्सेना, डॉ.पुष्पलता शर्मा, शिक्षा संकाय की वर्तमान विभाग अध्यक्ष डॉ.बनिता सिन्हा, एलुमनी संगठन के संयोजक डॉ. एन पापा राव एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. अनघा आगाशे उपस्थित रहे।






### -एल्युमिनी संगठन के चुने गए पदाधिकारी

कार्यक्रम में शिक्षा संकाय के एलुमनी संगठन के विभिन्न पदाधिकारी का सर्वसम्मति से चयन किया गया। इसमें अध्यक्ष के रूप में डॉ.अनघा आगाशे, उपाध्यक्ष डॉ.देवयानी, स्वर्णलता सचिन सी पी प्रमोद, सह सचिव संदेश पांडे, बालमुकुंद, कोषाध्यक्ष गीताञ्ज श्याम, कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में रंजना ठाकुर, सी अशोक, देवेंद्र कुमार, कृष्ण देशमुख, कन्हैयालाल लहरे, वेणुधर नायक, पी आर निशा साजी, सुशील दास मानिकपुरी, चोक लाल पटेल, विवेक कुमार, उमेंद्र कौशिक, रघुनंदन साव, गिरीश चंद्राकर, विवेक गौतम, बाल राजू, ज्योति यादव, लीना वैष्णव, शाहीन बेगम, भोलाराम वर्मा, सौरभ चंद्राकर, डीसैम का चुनाव किया गया।

### सभी पुराने साथियों को आपस में जुड़े रहने की नसीहत

शिक्षक संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ.बनिता सिन्हा ने सभी भूतपूर्व विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है, उन्हें महाविद्यालय से इसी प्रकार जुड़े रहना चाहिए। प्राचार्य ने भूतपूर्व विद्यार्थियों को एक सूत्र में रहकर महाविद्यालय एवं शिक्षा संकाय के विकास में सहयोग करने की अपील की। डॉ.सुमन लता सक्सेना एवं पुष्प लता शर्मा ने अपने शिक्षकीय अनुभवों को साझा किया। सभी भूतपूर्व विद्यार्थियों ने अपनी स्वेच्छा से शिक्षा संकाय को एक-एक हजार रुपए आर्थिक सहयोग के रूप में देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया। इससे शिक्षा संकाय के विद्यार्थियों को आर्थिक सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षा संकाय के विभिन्न प्राध्यापक डॉ.कविता वर्मा, डॉ.सुमित्रा मौर्य, डॉ.छाया सोनपिपरे, डॉ.अनुपम भोसले, डॉ.अनिर्बन चौधरी, डॉ. शबाना, डॉ. अनीता श्रीवास्तव, डॉ.ज्योत्सना गढ़पायले, डॉ.कन्हैया पांडे, डॉ.किरण राय के अलावा बड़ी संख्या में भूतपूर्व विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एल्युमिनी संगठन के संयोजक डॉ. एन पापाराव ने किया।




## समता सागर ससंघ पहुंचे नासिया तीर्थ, सुयश सागर और जैन समाज ने की अगवानी

दुर्ग। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर के शिष्य एवं आचार्य समय सागर के आज्ञानुवर्ती निर्यापक मुनि समता सागर, मुनि पवित्र सागर ससंघ पदविहार कर दुर्ग पहुंचे। उनकी मंगल अगवानी आचार्य विशुद्ध सागर के शिष्य सुयश सागर और जैन समाज के लोगों ने की। गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए नासिया तीर्थ पहुंची। संत समता सागर ने शिवनाथ नदी के पास सकल दिगम्बर जैन समाज को आशीर्वचन दिया। उन्होंने कहा कि यह समय परीक्षा का समय है, यह कड़ी मेहनत का समय होता है। इस समय यदि कड़ी मेहनत कर ली तो आपका भविष्य तो उज्जवल होगा ही, साथ में आपके माता-पिता ने जो स्वप्न आपके भविष्य के लिये देखा है, वह भी पूर्ण होगा। समता सागर अपोलो कॉलेज भी पहुंचे। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि जो बच्चे इस उम्र में लापरवाही करते हैं, अपना ध्यान अपनी पढ़ाई से हटकर मोबाइल एवं इंटरनेट पर देते हैं, उनका परीक्षा परिणाम बिगड़ जाता है।

- शोभायात्रा में उमड़ा जैन समाज, दो संतों का हुआ मिलन



### परीक्षा में ध्यान केंद्रीय कर लक्ष्य की ओर बढ़ने से मिलती है सफलता

उन्होंने सभी विद्यार्थियों को सम्वोधित करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य परीक्षा में सफलता का होना चाहिये, लेकिन यदि कहीं आपको परीक्षा में असफलता मिलती है, तो अपनी जिंदगी से हाथ धोना ठीक नहीं है। मुनि श्री ने रायपुर में घटी घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बेटियां अनमोल धरोहर है। उन्होंने कहा कि सभी माता-पिता को भी इस बात का ध्यान रखना चाहिये कि अपने बच्चे कहा जा रहे हैं और किस स्थिति में है। मुनि श्री ने कहा कि इस उम्र में ऐसी घटनाएं विशेष रूप से घट जाती है।

## जरुरतमंद परिवार की बेटी की शादी में राशन का किया सहयोग

**भिलाई।** सामाजिक संस्था प्रजा सेवा समिति ने जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी में मदद की है। परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए यह पहल की गई। जवाहर नगर वाम्बे आवास निवासी युवती का विवाह 3 मार्च को हुआ। समिति के सक्रिय सदस्य जेडी खान और दीपक कुमार की पहल से समिति के सदस्य एवं दानदाताओं की मदद से डबल बेड दीवान, पलंग, ड्रेसिंग टेबल, चावल, आटा, शक्कर, तेल, आईस मटर, दाल, पनीर, दही सहित राशन सामग्री प्रदान की। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष श्रीनिवास, विश्वनाथ, राम अवतार यादव, कोवी राजू, एन. श्रीनिवास्लु, आदित्य कुमार, राम अवतार आदि सदस्य उपस्थित रहे।



आईआईटी में कार्यशाला : एक दिवसीय कार्यशाला में खुलकर रखे गए विचार, आदिवासी साहित्य को सहेजने लिया संकल्प

कार्नर न्यूज

## नेता, विचारक, शिक्षाविद एक मंच पर, आदिवासी रीति-रिवाजों परंपराओं पर शोध-दस्तावेजीकरण को लेकर किया मंथन

भिलाई। आईआईटी भिलाई में संस्कृति, भाषा और परंपरा केंद्र (सीसीएलटी) ने जमीनी स्तर के मुद्दों पर हितधारकों की एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला सीसीएलटी के ज्ञान [भा]गीदारों में से एक, फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी के साथ साझेदारी में आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य छत्तीसगढ़ में जमीनी स्तर के मुद्दों पर काम करने वाले सामुदायिक नेताओं, विचारकों और विद्वानों को एक साथ लाना था, ताकि चल रहे कार्यों के बीच समानताएं और एकजुटता की पहचान की जा सके। आम तौर पर पहचाने गए और साझा लक्ष्यों की दिशा में विभिन्न संगठनों की ताकत का लाभ उठाने के लिए सामूहिक रूप से एक मजबूत रोडमैप बनाया जा सके। इस कार्यशाला में आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को सहेजने और उन पर शोध को लेकर भी मंथन किया गया। कार्यक्रम में डायरेक्टर राजीव प्रकाश ने कहा कि इसके लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।



### विषय विशेषज्ञों में ये हुए कार्यशाला में शामिल

कार्यशाला में कला, संस्कृति, विरासत, परंपराओं और स्वदेशी ज्ञान के क्षेत्रों के विभिन्न व्यवसायी और विशेषज्ञों में अश्विनी कांगे (केबीकेएस), राहुल कुमार सिंह (संयुक्त निदेशक सेवानिवृत्त, पुरातत्व एवं संस्कृति निदेशालय छत्तीसगढ़), धनीराम कदमिया (प्रदर्शनी कलाकार), योगेश नरेटी (सर्व आदिवासी समाज), संदीप हल्लम (केबीकेएस), लखन बैगा (सामुदायिक नेता), बुधराम बिरहोर (सामुदायिक नेता), अनुपम सिंह सिसौदिया (बीईआरसी), डॉ. शशिकांत तराई (एनआईटी रायपुर), डॉ. मोक्ष सिंह (एनआईटी रायपुर), डॉ. भेनू ठाकुर (शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय) आदि प्रतिभागियों के रूप में शामिल हुए। कार्यशाला में परिचर्चा का मुख्य उद्देश्य राज्य के आदिवासी समुदायों के सामने आने वाले मुद्दों और चुनौतियों को सामने लाना था।

### राजीव प्रकाश ने कहा- राज्य की विकास यात्रा में आईआईटी भिलाई सहयोगी

कार्यशाला में सम्बोधित करते हुए आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रोफेसर राजीव प्रकाश ने संस्थान में प्रतिभागियों का स्वागत किया और उन्हें राज्य की विकास यात्रा में आईआईटी भिलाई को एक प्रतिबद्ध भागीदार के रूप में विचार करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने सामान्य रूप से संस्थान और विशेष रूप से सीसीएलटी द्वारा छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए उत्तरदायी और प्रभावशाली अनुसंधान शुरू करने की दिशा में किए जा रहे योगदान पर जोर दिया। प्रतिभागियों से राज्य के आदिवासी रीति-रिवाजों और परंपराओं के सामाजिक रूप से प्रासंगिक अनुसंधान और दस्तावेजीकरण के सह-निर्माण के लिए अपनी विशेषज्ञता देने का आग्रह किया। सीसीएलटी छत्तीसगढ़ राज्य के समग्र और निचले स्तर के विकास की दिशा में कार्यशाला द्वारा सभी क्षेत्रों और कार्यक्षेत्रों में बनाए गए तालमेल पर बारीकी से कार्य करेगा।

## हेल्थ लाइव

# मरीज की रोटाब्लेटर से की गई हृदय के धमनियों की सफाई



**भिलाई।** हृदय को रक्त पहुंचाने वाली धमनियों के ब्लाकेज दूर करने के लिए आम तौर पर बलून की मदद ली जाती है। बलून की मदद से रास्ते को चौड़ा कर ब्लाकेज को हटाया जाता है और फिर वहां स्टेंट लगा दिया जाता है। बाइपास सर्जरी के बारे में भी आपने सुना होगा। पर हाइटेक में इस बार एक 62 वर्षीय मरीज की धमनियों की सफाई रोटाब्लेटर से की गई। हाइटेक के मेडिकल डायरेक्टर डॉ रंजन सेनगुप्ता एवं इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ असलम खान ने बताया कि इस खास केस के लिए हाईटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था। वरिष्ठ इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ दिलीप रत्नानी ने इस प्रोसीजर को किया। रोगी ने बताया कि लगभग दो माह पूर्व उनकी समस्या शुरू हुई। छाती में भारीपन रहने लगा औऱ सांस फूलने लगा। जब स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ तो वे भिलाई अपने बेटों के पास आ गए। यहां उन्होंने पहले रिसाली और फिर दुर्ग में चिकित्सकों को दिखाया। आरंभिक जांच पड़ताल के बाद इन चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रिफर कर दिया। दरअसल, रोगी को साइलेंट हार्ट अटैक आया था एवं दाहिनी कोरोनरी धमनी पूरी तरह से ब्लाक हो गई थी। बायीं तरफ की एक कोरोनरी आर्टरी में भी ब्लाकेज था। धमनियों में जमे कैल्शियम को हटाने के लिए रोटाब्लेटर की जरूरत थी। रोटाब्लेटर को एक कैथेटर की सहारे धमनियों में सरकाया जाता है इसका डायमंड बर 150000 प्रति मिनट की गति से गोल घूमता हुआ कैल्शियम युक्त सख्त प्लाक को तोड़ता है। इसके उपयोग के लिए उच्चस्तरीय दक्षता की आवश्यकता होती है। इसे रोटेशनल एथेरेक्टॉमी भी कहा जाता है। ब्लाकेज हटाए जाने के बाद रोगी ने तेजी से स्वास्थ्य लाभ लिया। प्रोसीजर के दूसरे दिन रोगी ने बताया कि अब उसकी तकलीफ जाती रही। पहले स्वास्थ्य समस्या आने पर वे भिलाई में अपने डाक्टर को दिखाकर दवा लिखवा लेते थे और फिर गांव चले जाते थे। वही दवा उतनी ही मात्रा में वे साल भर लेते रहते थे। पर अब उन्होंने नियमित रूप से जांच करवाने का निर्णय लिया है। चार दिन बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

- सिवान से भिलाई पहुंचा था 62 वर्षीय मरीज

## सिटी इवेंट

# वृद्धों के लिए सेक्टर-2 में प्राकृतिक चिकित्सा व योग शिविर आज

**भिलाई।** इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में बुधवार को सेक्टर 2 में सुबह 9.30 से दोपहर 1 बजे तक प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग शिविर का आयोजित किया गया है । शिविर की जानकारी देते हुए आईएनवो के स्टेट कन्वीनर व आयोजन के संयोजक मनोज ठाकरे ने बताया कि आयुष मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ नेचुरोपैथी के सहयोग से वृद्धावस्था में स्वास्थ्य की देखभाल कैसे करें। इस विषय को लेकर दुर्ग संभाग के जाने-माने प्राकृतिक चिकित्सा योग थैरेपिस्ट, मसाज थेरेपिस्ट, एक्यूप्रेशर थैरेपिस्ट, कपलिंग थैरेपिस्ट, फिजियोथैरेपिस्ट, अंतर्राष्ट्रीय नाडी वैद्य के द्वारा सीनियर सिटीजन 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले वृद्धो के लिए अपनी सेवाएं देंगे। वे शिविर में शुगर, बीपी, थायराइड, घुटनों में दर्द, अर्थराइटिस, यूरिक एसिड, पार्किंसन, श्रवण हानी जैसी बीमारियों पर निशुल्क जांच एवं परामर्श देंगे। इस अवसर पर जिला आयुर्वेदिक आयुष आयुष हॉस्पिटल के चिकित्सा एवं थैरेपिस्ट भी अपनी सेवाएं देंगे। इस अवसर पर भिलाई दुर्ग के सभी सामाजिक संस्था में एवं धार्मिक संस्थाओं एवं सीनियर सिटीजन क्लब के सदस्यों से इस सिविल का लाभ लेने के लिए अपना पंजीयन कराने को कहा है।

## लाइव इवेंट

# एक सकोरा दाना-पानी, प्यासी न रहे चिड़िया रानी अभियान की शुरूआत



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ टाइगर्स द्वारा संचालित चहके चिड़िया एवं जलकुंड अभियान के 11वें वर्ष की शुरुआत उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा किया गया। प्रकृति और जीवों के संरक्षण के इस अभियान की पहल पशु-पक्षियों के दाना-पानी के लिए गई।
एक सकोरा दाना-पानी, प्यासी न रहे चिड़िया रानी की थीम पर चल रहे इस अभियान का उद्देश्य गर्मी के दौरान पक्षियों को जल और आहार उपलब्ध कराना है, जिससे जैव विविधता बनी रहे और पर्यावरण संतुलन में सहयोग मिले।

चहके चिड़िया अभियान एवं गौमाता जलकुंड अभियान के माध्यम से भीषण गर्मी में चिड़ियों और गौमाता के लिए पीने की पानी और चारे की व्यवस्था पूरी गर्मी में इस अभियान के माध्यम सी की जा रही है। यह अभियान जिले में ही नही अपितु प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर पिछले 11 वर्षो किया जा रहा हैं। पूरी ग्रीष्म ऋतु में हजारों स्थानों पर सकोरे और जलकुंड की व्यवस्था अभियान द्वारा की जा रही है। अभियान के संबंध में राहुल कुमावत ने बताया कि आगामी समय मे हस्तनिर्मित घोसलें बना कर इस अभियान को गति दी जाएगी ताकि जीवों के संवर्धन एवम संरक्षण में यह अभियान सफल हो सकें। इस अवसर पर दुर्ग शहरी विधायक गजेंद्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग की महापौर अल्का बाघमार, प्रदेश महामंत्री भाजयुमो उपकार चंद्राकर, युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी आकाश ठाकुर, हेमंत गोयल, संजू कुशवाहा, सौरभ राणा, रोहित सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

● रोजा सिर्फ भूखे और प्यासे रहने का नाम नहीं, गुस्सा और फरेब को छोड़ें,लाएं संयम व एकाग्रता

# माहे रमजान में चल रहा इबादत का सिलसिला, घरों से मस्जिद तक बिखरी रौनक, सेहरी व इफ्तार में बीत रहे दिन

**भिलाई।** पवित्र रमजान माह की शुरुआत होते ही मुस्लिम समुदाय के लोग इबादत में मसरूफ हो गए हैं। रमजान में दिन भर रोजे रहना और 5 वक्त की नमाज के साथ रात में नमाजे तरावीह की इबादत में लोगों का वक्त बीत रहा है। बाजार में रमजान की खास रौनक देखने को मिल रही है। रमजान को देखते हुए शहर की तमाम मस्जिदों में खास इंतजाम किए गए हैं।





### मुहब्बत और खुलूस का महीना है रमजान-हैदर

जामा मस्जिद सेक्टर-6 के इमाम खतीब मौलाना हाफिज इकबाल अंजुम हैदर ने कहा कि रमजान की बहुत सी फजीलत हैं और हमें यह सब्र का पैगाम देता है। यह पाकीजा महीना हमें उन गरीबों और मोहताजों के बारे में एहसास दिलाता है, जिन्हें दो वक्त की रोटी नसीब नहीं होती है। भूख और प्यास का एहसास जब हमें होता है तो इसकी अहमियत पता चलती है कि गरीबों और मोहताज लोगों की भूख-प्यास का भी हमें खयाल रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि रमजान को मोहब्बत और खुलूस का महीना भी कहा गया है। हमेशा सब्र का दामन थामे रखना चाहिए। अपनी जिंदगी को अल्लाह की राह में लगा देना चाहिए।

### अल्लाह का महीना है रमजान- डॉ. इस्माइल

बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्मी डॉ. सैय्यद ईस्माइल ने रमजान की फजीलत बयान करते हुए कहा कि अल्लाह के आखिरी नबी हजरत मोहम्मद ने फरमाया कि शाबान मेरा महीना ओर रमजान अल्लाह का महीना है। शेखुल हदीस हजरत मौलाना जकरिया रहमतुल्लाह ने फजाईले रमजान में लिखा है कि इस महीने में अल्लाह बंदो की नेकी को बढ़ा देता है। एक फर्ज सत्तर फर्जों के बराबर हो जाते हैं। इसलिए बंदों को नेकी के तरफ तेजी से कदम बढ़ाना चाहिए। अल्लाह कहता है, हर इबादत का बदला फरिश्तों के जरिए से मैं देता हूं लेकिन रोजे का बदला मैं खुद देता हूं। डॉ. सैयद इस्माइल ने कहा कि रोजा बुराई से रोकता है, ये रहमत, बरकत और माफी कराने का महीना है। अपने गुनाहों से तौबा कर अल्लाह को राजी करें। उन्होंने कहा कि रोजा सिर्फ भूखे और प्यासे रहने का नाम नहीं है बल्कि रोजे के मकसद से इंसान अपने अंदर गुस्सा, झूठ, फरेब, बुरे काम छोड़कर कर संयम, एकाग्रता और अल्लाह का डर ला सके क्योंकि रोजा अल्लाह का हुक्म है।

### मस्जिदों में जारी है तरावीह की नमाज

रमजान के मौके पर रात में ईशा की नमाज के बाद शहर की तमाम मस्जिदों में तरावीह की नमाज पढ़ाई जा रही है। जिसमें 26 वां रोजा पूरा होने से ठीक पहले पवित्र कुरआन इस तरावीह की नमाज के दौरान पूरा सुनाया जाएगा। शहर में जामा मस्जिद सेक्टर-6, रज़ा मस्जिद केम्प 2, गौसिया मस्जिद केम्प 1,शेर ए खुदा मस्जिद हाऊसिंग बोर्ड, अशरफी मस्जिद जोन-3,मदनी मस्जिद जोन-2, मस्जिद गफ्फार कालोनी, गरीब नवाज़ मस्जिद-सुपेला, मस्जिद शांति नगर, नूरी मस्जिद बाबा फ़रीद नगर, फरीदिया मस्जिद फरीद नगर,मक्का मस्जिद निज़ामी चौक, फलक नुमा मस्जिद आयप्पा नगर, हनफी मस्जिद कोहका, हुसैनी मस्जिद कर्बला मैदान, हजरत बिलाल मस्जिद हुडको,रुआबाँधा मस्जिद और रिसाली मस्जिद में शाम 7:30 बजे के बाद अजान, ईशा की नमाज और उसके बाद तरावीह की नमाज पढ़ाई जा रही है।

### सेक्टर-7 में भी पढ़ाई जा रही तरावीह

सेक्टर-7 में हाजी सैयद अनवर अली के निवास स्थित मदरसा में तरावीह की नमाज पढ़ाई जा रही है। यहां 7. 45 बजे अजान और इसके बाद रात 8 बजे से जमाअत हो रही है। हाजी अनवर ने बताया कि आसपास के लोग यहां पहुंच कर तरावीह की नमाज में शामिल हो सकते हैं।

## उपलब्धि...

# पॉलीथीन मुक्त करने बांटे 500 कपड़े के थैले स्लोगन प्रतियोगिता में दिया स्वच्छता का संदेश



**भिलाई।** नगर पालिक निगम रिसाली को पालीथीन मुक्त करने महिलाओं द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके लिए रिसाली की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ.सोनाली चक्रवर्ती ने एक अभिनव पहल की है। रिसाली को पालीथीन मुक्त करने उन्होंने 500 कपड़े के थैले बांटे। इसकी शुरुआत उन्होंने महिलाओं से की। रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा के द्वारा डॉ सोनाली ने महिलाओं को स्वच्छता अपनाने सीख दे रही है। उन्होंने कहा कि गृहणियों में प्लास्टिक का उपयोग कम करने की आदत डालना मुख्य उद्देश्य है। इससे शहर में स्वच्छता आएगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डॉ रजनी नेल्सन थी। स्यंसिद्धा समूह के जागरूकता कार्यक्रम के बाद उन्होंने 50 महिलाओं को थैली दी। इस अवसर पर ऐसी महिलाओं का श्रीफल के साथ सम्मानित किया जिन्होंने स्वच्छता स्लोगन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

### स्लोगन प्रतियोगिता में ये हुई शामिल

संध्या तिवारी, वंदना नाडंबर, रूमा डे, सीमा लदेर, रतना ढुफारे, रुचिता चावड़ा, सीमा कनोजे, सोमाली शर्मा, अनामिका कपूर, वैशालीनी संतोष, पुष्पा पाटिल, काकोली चौधरी, बिंदु नायक, नमिता त्रिपाठी, ज्योति गांधी, डॉ.पूर्णिमा लाल, कमल चक्रवर्ती, सुशीला साहू, ममता बिस्वाल, लक्ष्मी साहू, रीता वैष्णव, बनानी मैती, राजकुमारी कनोजे, डॉ. अक्षुणा वैष्णव, मेनका वर्मा, डॉ. पूर्णिमा लाल, गीता चौधरी, अलका शर्मा, नीरा लखेरा, हर्षा रामटेके स्लोगन प्रतियोगिता में शामिल हुई।



### महिलाओं ने की मांग

रिसाली क्षेत्र में जगह-जगह बेतरतीब और अवैध तरीके से लगे होर्डिंग, पोस्टर, बैनर को आयुक्त से हटाने की मांग भी की है। महिलाओं ने कहा है कि इससे न केवल क्षेत्र की सुंदरता खराब हो रही है बल्कि दुर्घटना की संभावना भी बनी हुई है।

## एक दिवसीय कार्यशाला

# अहिंसा को व्यवहार में लाकर जीवन को सहज और सरल बनाएं



**भिलाई।** सेंट थॉमस कॉलेज रूआबांधा में शांति क्लब के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता डॉ. निम्मी वर्गीस, रिकॉनसिलेशन ट्रेनर यूनिवर्सिटी ऑफ रोडे आइसलैंड, यूएसए रहीं। उन्होंने मार्टिन लूथर किंग के परिप्रेक्ष्य में अहिंसा के सिध्दांत पर अपने विचार प्रस्तुत किये।कार्यक्रम शुरूआत कॉलेज की प्रार्थना के बाद अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ के साथ किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रशासक डॉ. पी. एस. वर्गीस ने अपनी बात रखते हुए कहा कि आज के परिप्रेक्ष्य में जीवन में शांति के साथ रहिए, शांति के साथ प्यार करें और शांति का व्यवहार कीजिए इन तीन सूत्रीय बातों पर प्रकाश डाला। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ एमजी रोईमोन उपस्थित थे। महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ देबजानी मुखर्जी ने कहा कि शांति और अहिंसा की परंपरा भारतीय दर्शन में भगवान बुध्द से लेकर महात्मा गांधी में दिखाई देता है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. निम्मी ने हमारे जीवन में अहिंसा को व्यवहार में ला कर दैनिक चुनौतियों से निजात पाने के विषय में जानकारी दी। साथ ही अपने भीतर इन व्यवहारों को लाकर जीवन को सरल और सहज बनाने के बारे में बताया। शांति क्लब की संयोजिका डॉ. रीमा देवांगन के नेतृत्व में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नीलम गांधी एवं आभार व्यक्त अमिताभ शर्मा ने किया। इस अवसर पर शांति क्लब के सदस्य डॉ. रूपा श्रीवास्तव, डॉ. शुभा दीवान, डॉ. सुरूचि पारखे, महेंद्र कुमार इख़ार एवं छात्र संयोजक शाइनी ओसेफ, अनुराग श्रीवास्तव और गगन सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**शांति क्लब ने अहिंसा पर मार्टिन लूथर किंग के परिप्रेक्ष्य में अहिंसा के सिद्धांत पर अपने विचार प्रस्तुत किये**

## श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में लगा कैंप

# 80 घंटे के ड्रोन प्रशिक्षण बूट कैंप में इंजीनियरिंग के 190 विद्यार्थी ले रहे प्रैक्टिकल और सैद्धांतिक ट्रेनिंग

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में आईआईटी भिलाई के सहयोग से पांच दिवसीय ड्रोन प्रशिक्षण बूट कैंप आयोजित किया गया है। 80 घंटे के ड्रोन प्रशिक्षण के आयोजन में ड्रोन की प्रैक्टिकल और सैद्धांतिक ट्रेनिंग दी जाएगी। साथ ही कैंप में विषय विशेषज्ञ ड्रोन के नियंत्रण और नेविगेशन की बारीकियां भी बताएंगे। इस कैंप में इंजीनियरिंग के 190 विद्यार्थी प्रशिक्षण ले रहें हैं।



### ड्रोन नियंत्रण की बताएंगे बारीकियां



समन्वयक डॉ श्रुति तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिक मंत्रालय तथा आईआईटी के संयुक्त तत्वाधान में 80 घंटे के ड्रोन प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ड्रोन की प्रैक्टिकल और सैद्धांतिक ट्रेनिंग मिलेगी। इस पांच दिवसीय कैंप में विषय विशेषज्ञ ड्रोन के नियंत्रण और नेविगेशन की बारीकियां बताएंगे। बूट कैंप का लक्ष्य स्थिरता, विश्लेषण और नियंत्रण प्रणालियों को विकसित करने और समझने का है। इसमें इमेज आधारित ड्रोन का उपयोग सिखाया जाएगा। आई आई टी भिलाई के प्रोफेसर डॉ अभिषेक अधिकारी और एरो बोट, एरो स्पेस, रोबोटिक लिमिटेड की डायरेक्टर डॉ अरुणा राणा प्रामाणिक ट्रेनिंग दे रहे हैं। ड्रोन के असेंबल से उसे उड़ाने और नियंत्रित करने की ट्रेनिंग दी जाएगी।इस कैंप में इंजीनियरिंग के 190 विद्यार्थी प्रशिक्षण ले रहें हैं। प्रशिक्षण के बाद छात्रों को सर्टिफाइड ड्रोन तकनीक का प्रमाणपत्र मिलेगा। उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ स्मिता सिलेट ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में डायरेक्टर विकास डॉ सुशील चंद्र तिवारी, विभागाध्यक्ष डॉ ऋचा शुक्ला, प्राध्यापक धीरेन्द्र पराते सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### दिमाग का उपयोग कर नए खोज पर फोकस करें: आईपी मिश्रा



ड्रोन प्रशिक्षण बूट कैंप के उद्घाटन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आई पी मिश्रा ने विधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ साथ आपकी कौशल विशेषताओं का भी महत्व है। हमारी नई शिक्षा नीति और वर्तमान परिवेश में कौशल विकास की महती भूमिका है। यदि आपको सफल होना है और कुछ कर गुजरने की चाहत है तो अपने मस्तिष्क का उपयोग करिए और नए अन्वेषण में फोकस करें। आज के इस आयोजन का भी यही उद्धेश्य है कि हमारे बीच से ही न्यूटन और आर्कमिडीज जैसे होनहार प्रतिभाएं मिले। ड्रोन तकनीकी से आज विभिन्न क्षेत्रों में बहुत से कार्य सफलता पूर्वक किए जा रहें हैं चाहे वो कृषि का क्षेत्र हो, खेल हो या सुरक्षा, इसका उपयोग सफल रहा है। इस बूट कैंप में प्रायोगिक प्रशिक्षण के साथ ही सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा। श्री मिश्रा ने कहा कि इस विश्वविद्यालय में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा दिया जा रहा है। भविष्य में यहां के विद्यार्थियों की बदौलत श्रेष्ठ विश्वविद्यालय बनेगा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### आरपीएफ ने जीता मैच शमशेर मैन ऑफ द मैच



**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल मे अंतरविभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत खेलो को बढावा देने के उद्देश्य से सेकरेसा स्टेडियम, डब्लुआरएस कॉलोनी रायपुर मे 22 वाँ डीआरएम कप खेला जा रहा है। 25 फरवरी से शुरू हुए मुकाबलों में मंगलवार 4 मार्च को रेलवे सुरक्षा बल रायपुर एवं इलेक्ट्रिक (जनरल) विभाग रायपुर के मध्य शानदार खेल देखने का मौका खेल प्रेमियों को मिला।

रेलवे सुरक्षा बल ने टॉस जीतकर पहले बेटिंग करने का निर्णय लिया और अपने निर्णय को सही साबित करते हुये टीम के सदस्य एवं वरिष्ठ मार्गदर्शक मन कुमार, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल रायपुर के नेतृत्व मे 232 रन का विशाल स्कोर बनाया गया। इस स्कोर को बनाने मे रेलवे सुरक्षा बल के आरक्षक शमशेर सिंह, मंदिर हसौद का प्रमुख योगदान रहा। इनके द्वारा अपने खेल जीवन का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये 24 छक्के और 06 चौको के मदद से व्यक्तिगत 181 रन बनाये गए। दूसरी पारी मे खेलने के उतरी इलेक्ट्रिक (जनरल) विभाग की टीम केवल 125 रन ही बना पाई। इस प्रकार 107 रन के विशाल स्कोर से रेलवे सुरक्षा बल ने आज का मैच जीता। 22 वे डीआरएम कप-2025 मे आज शमशेर सिंह के द्वारा 02 रिकार्ड बनाये गये पहला पारी मे सबसे अधिक 24 छक्के लगाने का और दूसरा सबसे अधिक व्यक्तिगत 181 रन बनाने का जिसके लिए इन्हे मेन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया।

### ड्रा पर समाप्त हुए प्लेट ग्रुप क्रिकेट के सेमीफाइनल



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी टुर्नामेंट का आयोजन 09 फरवरी से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 14 टीमों ने भाग लिया। 1 से 3 मार्च को स्पर्धा के सेमी फायनल मुकाबले खेले गये। पहला सेमी फायनल आर डी सी ए मैदान में खेला गया। रायपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 104.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 437 रन बनाये। जिसमे ऋषि शर्मा ने शानदार शतक लगाते हुये 112 रन तथा अवनीश सिंह धालीवाल ने 71 रन बनाये। वहीं दुर्ग की ओर से जितेश चौहान तथा आदित्य सिंह ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। दुर्ग ने अपनी पहली पारी में 52.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 249 रन ही बनाये। दुर्ग की ओर से आदित्य सिंह ने 79 रन तथा सिद्धार्थ सिंह ने 69 रनों का योगदान दिया। वहीं रायपुर ब्लू की ओर से आयुष सिंह ठाकुर ने 4 विकेट, भरत गोंडवानी, वरुण सिंह भुई तथा गगनदिप सिंह ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ब्लू ने अपनी दूसरी पारी में 70 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 324 रन बनाये। रायपुर ब्लू की ओर से आलोक साहु ने 78 रन तथा शोभित शर्मा ने 60 रनों का योगदान दिया। वहीं दुर्ग की ओर से जितेश चौहान ने 3 विकेट, आदित्य सिंह तथा सिद्धार्थ सिंह ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। .मैच ड्रा पर समाप्त हुआ। रायपुर ब्लू ने पहली पारी की बढत प्राप्त की।

दूसरा सेमी फायनल मैच सिविक सेंटर भिलाई के क्रिकेट मैदान में खेला गया। राजनांदगाव ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। सरगुजा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 84.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 288 रन बनाये। सरगुजा की ओर से आशुतोष सिंह ने 111 रन तथा कृष चोपड़ा ने 79 रन बनाये।

वहीं राजनांदगांव की ओर से रोहन टांक ने 4 विकेट तथा प्रतिक त्रिपाठी ने 2 विकेट प्राप्त किये। राजनांदगांव ने अपनी पहली पारी में 43.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 193 रन ही बनाये। राजनांदगांव की ओर से यश ठाकुर ने 57 रन तथा निखिल कनोरिया ने 30 रनों का योगदान दिया। सरगुजा की ओर से आराध्य गुप्ता ने 4 विकेट तथा सौम्य केशरी ने 3 विकेट प्राप्त किये।

मैच की समाप्ति तक सरगुजा ने अपनी दूसरी पारी में 118 ओवरों में 7 विकेट खोकर 337 रन बनाये। सरगुजा की ओर से राहुल प्रधान ने 110 रन तथा आशुतोष सिंह ने 69 रनों का योगदान दिया। वहीं राजनांदगांव की ओर से प्रतीक त्रिपाठी तथा हर्ष साहु ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ। सरगुजा ने पहली पारी में बढत प्राप्त की।

### राष्ट्रीय नेटबाल चैंपियनशिप के लिए शबनम चयनित



**रायपुर।** शासकिय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर में अध्ययनरत शबनम नाज़ छत्तीसगढ़ प्रदेश मिक्स नेटबाल टीम की तरफ से राष्ट्रीय चैम्पियनशिप भिवानी हरियाणा में खेलेगी। सरगुजा जिला नेटबाल संघ की ओर से राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि शबनम विगत तीन वर्षों से नेटबाल खेल रही है। उन्हें संस्था के प्राचार्य व जिला नेटबाल संघ के पदाधिकारियों के साथ सभी खिलाड़ियों ने बधाई दी है।

जानलेवा बीमारियों और समय से पहले मौत का जोखिम बढ़ाते हैं बहुत से आहार

# खुद को फिट रखने अपने खान-पान पर भी ध्यान देना जरूरी, आहार को लेकर हो जाएं सावधान

शरीर को स्वस्थ और फिट बनाए रखने के लिए आहार का ध्यान रखना आवश्यक माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, आप जिस प्रकार की चीजों का सेवन करते हैं शरीर पर उसका सीधा असर होता है। कुछ चीजें आपको कई रोगों से बचा सकती हैं, जबकि कुछ के कारण आप गंभीर बीमारियों के शिकार भी हो सकते हैं। जिन खाद्य पदार्थों को सेहत के लिए सबसे नुकसानदायक पाया गया है, उनमें प्रोसेस्ड और अल्ट्रा प्रोसेस्ड चीजें प्रमुख हैं।

द ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में हाल ही में प्रकाशित अध्ययन में बताया गया है कि जो लोग अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों का सेवन अधिक करते हैं उनमें मानसिक स्वास्थ्य विकार, हृदय रोग, टाइप-2 डायबिटीज, मोटापा सहित करीब 32 कई प्रकार गंभीर बीमारियों जोखिम अधिक हो सकता है।

इसे समय से पहले मृत्यु के खतरों को भी बढ़ाने वाला पाया गया है। अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में अधिक कैलोरी होती है जिससे वजन बढ़ने और स्वास्थ्य जटिलताएं बढ़ने का भी खतरा होता है। अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ और इसके नुकसान

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों को जानने से पहले ये जानना जरूरी है कि आखिर ये खाद्य पदार्थ होते क्या हैं?

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में चीनी, वसा और नमक की मात्रा अधिक होती है। ये खाद्य पदार्थ



मुख्यरूप से 'रेडी टू यूज' स्टाइल के होते हैं। आइसक्रीम, सॉस, क्रिस्प्स, बिस्कुट, कार्बोनेटेड पेय, इंस्टेंट सूप आदि इसी श्रेणी में आते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने पाया कि इन चीजों के अधिक सेवन से शरीर में कैलोरी और फैट की मात्रा बढ़ने का खतरा रहता है। इनके अधिक सेवन से शुगर लेवल और ब्लड प्रेशर का स्तर भी अधिक हो सकता है, यही कारण है कि ऐसे खाद्य पदार्थों से सेहत को कई प्रकार के नुकसान हो सकते हैं।

### हृदय रोगों का बढ़ जाता है खतरा

अध्ययन की रिपोर्ट में वैज्ञानिकों ने बताया, जिन लोगों ने अल्ट्रा-प्रोसेस्ड चीजों को सेवन अधिक किया था उनमें कार्डियोवैस्कुलर डिजीज और इसके कारण मौत का खतरा 50 फीसदी अधिक पाया गया। इस तरह के खाद्य पदार्थों को एंग्जाइटी जैसी मानसिक बीमारियों का जोखिम 48-53 फीसदी और टाइप-2 डायबिटीज के खतरे को 12 प्रतिशत तक बढ़ाते हुए देखा गया है।

ऑस्ट्रेलिया में डीकिन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन और जॉन्स हॉपकिन्स के शोधकर्ताओं ने करीब 10 मिलियन (एक करोड़) लोगों पर अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं का विश्लेषण किया। इन खाद्य पदार्थों को नींद संबंधी विकारों, मानसिक स्वास्थ्य विकारों और क्रोनिक स्वास्थ्य समस्याओं का भी कारक पाया गया है।

### क्या कहते हैं शोधकर्ता?

शोधकर्ताओं ने कहा, अल्ट्रा-प्रोसेस्ड चीजों के कारण अस्थमा, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल विकारों और कैंसर के खतरे को लेकर साक्ष्य सीमित हैं, पर इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। विशेषज्ञों ने कहा अगर इसका अक्सर सेवन करते हैं तो समय से पहले मौत का खतरा भी हो सकता है। चूंकि इन चीजों में फाइबर, प्रोटीन और विटामिन्स की मात्रा कम होती है इसलिए इनका सेवन शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है।

### स्वस्थ और पौष्टिक चीजों की बढ़ाएं मात्रा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर को रोग मुक्त रखने के लिए जरूरी है कि आप स्वस्थ और पौष्टिक तत्वों से भरपूर चीजों का सेवन करें। अध्ययनों में पाया गया है कि बीमारियों से



बचाव के लिए भोजन की थाली में एक तिहाई मात्रा फलों और सब्जियों की होनी चाहिए। आहार में रंग बिरंगी सब्जियों-फलों की मात्रा बढ़ाकर एंटीऑक्सीडेंट्स, प्रोटीन और विटामिन्स प्राप्त किए जा सकते हैं जिससे आप बीमारियों से बचाव कर सकते हैं।



## डायबिटीज को अपने बस में रखने जरूर करें ये काम

डायबिटीज कंट्रोल करने के लिए सही डाइट, एक्सरसाइज और हेल्दी रूटीन बहुत जरूरी है। डायबिटीज पूरी तरह से रिवर्स नहीं हो सकती, लेकिन दवाईयों और अन्य चीजों के साथ इसे मैनेज किया जा सकता है। डायबिटीज आजकल काफी आम हो गई है। बुजुर्ग, जवान और बच्चे भी आजकल इस बीमारी का शिकार हो रहे हैं। डायबिटीज कंट्रोल करने के लिए सही डाइट, एक्सरसाइज और हेल्दी रूटीन बहुत जरूरी है।

डायबिटीज पूरी तरह से रिवर्स नहीं हो सकती, लेकिन दवाईयों और अन्य चीजों के साथ इसे मैनेज किया जा सकता है। इसके अलावा समय-समय पर चेकअप भी करवाते रहना चाहिए। डायबिटीज कंट्रोल में न होने पर इसका असर हमारी हेल्थ पर होता है और इससे शरीर के बाकी अंगों के फंक्शन्स भी प्रभावित होते हैं।

अगर आप शुगर पेशेंट हैं, तो इसे मैनेज करने में एक्सपर्ट के बताए कुछ टिप्स आपकी मदद कर सकते हैं। इस बारे में डाइटिशियन राधिका गोयल जानकारी दे रही हैं। राधिका सर्टिफाइड डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट हैं।

12 घंटे की फास्टिंग विंडो रखें। इसका मतलब अगर आपने रात को 8 बजे डिनर किया है, तो अगले दिन सुबह 8 बजे नाश्ता करें और डिनर से ब्रेकफास्ट के बीच में कुछ न खाएं।

इससे इंसुलिन सेंसिटिविटी में सुधार होता है और शरीर इंसुलिन को और अच्छे से इस्तेमाल कर पाता है।



खाने के बाद लगभग 5-10 मिनट वॉक करें। इससे डाइजेस्टिव ट्रैक्ट में खाने का मूवमेंट सही होता है और ब्लोटिंग व इनडाइजेशन कम होता है।

खाने को फाइबर, प्रोटीन और फिर कार्ब्स इस क्रम में खाएं। इससे ब्लड शुगर स्पाइक नहीं होती है और ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

सोल्स पुश अप्स करें। इससे ब्लड शुगर लेवल मैनेज होता है।

मंडूकासन करें। यह डायबिटीज को कंट्रोल करने में प्रभावी है। इससे सेल्स में ग्लूकोज अच्छे से अब्जॉर्ब होता है और पैनक्रियाज के फंक्शन में सुधार होता है।

एक बार में पेट भरकर खाना खाने के बजाय थोड़ी-थोड़ी देर में छोटे-छोटे मील्स लें। इससे सेल्स को ग्लूकोज को अब्जॉर्ब करने का वक्त मिलता है और ब्लड शुगर लेवल स्थिर रहता है।

रोज सुबह जामुन के बीजों का पानी पिएं। इसमें जम्बोलिन होता है जो कि ब्लड शुगर लेवल को रेगुलेट करने का काम करता है।

डायबिटीज को मैनेज करने में ये टिप्स आपकी मदद कर सकते हैं। अगर आपको स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या है, तो हमें आर्टिकल के ऊपर दिए गए कमेंट बॉक्स में बताएं। हम अपने आर्टिकल्स के जरिए आपकी समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे।



## घर में है दुकान तो वास्तु के इन नियमों का रखें ध्यान

कई बार लोग अलग से स्पेस ना होने या फिर अपनी सहूलियत को ध्यान में रखते हुए घर में ही दुकान बनवा लेते हैं। हालांकि, अगर आप ऐसा कर रहे हैं तो आपको वास्तु के कुछ छोटे-छोटे नियमों का ध्यान रखना चाहिए। हर व्यक्ति अपनी आमदनी के लिए अलग जरिया अपनाता है। जहां कुछ लोग मल्टीनेशनल कंपनीज में काम करते हैं तो कुछ लोग दुकान भी चलाते हैं। हालांकि, यह जरूरी नहीं है कि दुकान आप किसी बड़े मॉल या मार्केट में ही खोलें। आज के समय में जब दुकानों का किराया बहुत अधिक है और कमाई काफी कम रह गई है तो ऐसे में लोग अधिक बचत करने का विचार करते हैं।

अमूमन यह देखने में आता है कि कई बार लोग अपने घर में ही दुकान बनवा लेते हैं। ऐसे में उन्हें अलग से स्पेस के लिए किराया भी नहीं देना पड़ता है। साथ ही साथ, यह कुछ हद तक अधिक सुविधाजनक भी माना जाता है। घर में दुकान बनवाने में कोई समस्या नहीं है। लेकिन ऐसे में जरूरी है कि आप वास्तु के कुछ नियमों का खास ख्याल रखें। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको ऐसे ही कुछ नियमों के बारे में बता रहे हैं, जिनका ख्याल आपको घर में दुकान बनवाते समय अवश्य रखना चाहिए-

### अंदर से हो दरवाजा

जब भी आप घर में दुकान बनवाते हैं तो आपको इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि दुकान का कोई दरवाजा अंदर से मतलब घर से अटैच जरूर करें। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो घर के जिस हिस्से में आपने दुकान बनाई होगी, आपके घर का वह कोना कट जाएगा। ऐसा करना अच्छा नहीं माना जाता है।

### दुकान की दिशा



घर में दुकान बनवाते समय आपको उसकी दिशाओं का भी खास ख्याल रखना चाहिए। मसलन, अगर आपका घर पूर्व मुखी है तो आप दुकान को दक्षिण-पूर्व के कोने में बनाएं। ध्यान दें कि आप पूर्व मुखी घर में दुकान बनवाते समय उत्तर-पूर्व के कोने को खाली रखें। इसी तरह, अगर आपका घर उत्तर मुखी है तो आपकी दुकान उत्तर-पश्चिम अर्थात वायु कोण में बननी चाहिए। इसमें भी ईशान कोण खुला रहना चाहिए। वहीं, दक्षिण मुखी घर में दुकान को दक्षिण-पश्चिम दिशा में बनवाना चाहिए। ध्यान दें कि दक्षिण के पूर्व दिशा से आपके घर की एंट्री होनी चाहिए। यदि आपका घर पश्चिम मुखी है तो आपकी दुकान दक्षिण-पश्चिम दिशा में बननी चाहिए। इस दिशा के घर की एंट्री की दिशा उत्तर-पश्चिम होनी चाहिए।

### दुकान का सामान

चूंकि आपने घर में ही दुकान बनाई है, इसलिए अगर आपकी दुकान में किसी तरह की गड़बड़ होती है तो उसका असर सिर्फ आपके काम या आमदनी नहीं, बल्कि घर पर भी पड़ता है। इसलिए, हमेशा दुकान में भी वास्तु के नियमों का ध्यान रखें।

## कराना हैं स्पेशल फील, तो कुछ इंस्टेंट रेसिपीज को कीजिए ट्राई

घर पर कुछ क्विक और इंस्टेंट रेसिपीज को जरूर बनाएं। जिसे देखते ही घर वालों का दिल खुश हो जाए, वो भी कम मेहनत और समय में।

### पनीर चिल्ली रेसिपी

पनीर चिल्ली बनाने के लिए प्याज, शिमला मिर्च और पनीर को चौकोर आकार में काट लें। अब नॉन स्टिक पैन में 2 चम्मच तेल डालकर प्याज, शिमला मिर्च और हरी प्याज को हल्का भुन लें। उसी पैन में पनीर को भी हल्का फ्राई करें। सब्जियों को निकालकर थोड़ा तेल डालें और लहसुन, अदरक, हरी मिर्च



डालकर भून लें। एक चम्मच सोया सॉस, आधा चम्मच सिरका, एक चम्मच चिली सॉस और एक चम्मच टोमेटो सॉसडालकर थोड़ा पकाएं। सॉस के बजाए आप चिल्ली पनीर मसाला को एक कप पानी के साथ घोलकर भी बना सकते हैं। पैन में कुक किए हुए सब्जी और पनीर को डालकर थोड़ी देर पकाएं और खाने के लिए सर्व करें।

### पोहा आलू पूरी

पूड़ी बनाने के लिए पोहाको पानी में भिगोकर पानी अलग करें और नरम होने दें। पोहा नरम हो जाए तो उसमें आलू, आटा, सूजी और मसाले डालकर नरम डो बनाएं। 15 मिनट के लिए छोड़ दें, ताकी डो सॉफ्ट हो जाए। एक पैन में तेल गर्म करने के लिए रखें और डो से छोटी-छोटी लोई बना लें। अब पूड़ी बेलकर गर्म तेल में दोनों तरफ से सेंक लें। आलू की सब्जी हो या कोई दूसरी सब्जी गरमा-गरम खाने के लिए सर्व करें।



कार्नर न्यूज

तेज रफ्तार जिंदगी में मन पर काबू जरूरी

# मन कहीं भी ठहरता नहीं तो इन तरीकों से बढ़ाएं अपनी एकाग्रता, सारे काम होते जाएंगे आसान

जैसे-जैसे जिंदगी कठिन और तेज रफ़्तार से दौड़ रही है। वैसे-वैसे सभी मल्टीटास्किंग करना भी सीख रहे हैं। मगर काम कई करने हों या सिर्फ एकाग्रता यानि कंसंट्रेशन सबसे जरूरी होता है। अगर किसी एक काम में भी फोकस न कर पाएं तो फिर मल्टीटास्क के कई कामों में फोकस कैसे किया जाएगा? बस इसीलिए जरूरी है कि हम एकाग्रता को जिंदगी में शामिल करें। लेकिन दिक्कत ये है कि एकाग्रता आसानी से जिंदगी में आती नहीं है। इसके लिए भी एकाग्र होना पड़ता है। कुछ ऐसे कदम उठाने पड़ते हैं कि एकाग्रता बन सके और सारे काम आसानी से हो सकें।

### कैसे बढ़ाएं अपनी एकाग्रता

एकाग्रता सफलता की गांरटी लेने वाले कुछ खास शब्दों में से एक है। एकाग्रता यानी जो कर रहे हैं ध्यान बस उसी पर हो। कहीं और ध्यान भटके ही न। इसके साथ जब आप कोई भी काम करते हैं तो उसमें अपना 100 प्रतिशत दे पाते हैं और फिर रिजल्ट भी परफेक्ट मिलते हैं।

### कैसे करें एकाग्रता मजबूत, जाने आसान तरीके-

आप याद कीजिए जब जिम में बहुत मेहनत करने का दिन होता है। एक्सरसाइज



कठिन होती हैं, ठीक तब ही आपको मन में डाउट आता है कि आप ये कर पाएंगे या नहीं। लेकिन फिर होता क्या है आप करते जाते हैं और सबकुछ आसानी से होता चला जाता है। ठीक इसी तरह कोई काम करने से पहले भी मन में डाउट आते हैं कि मैं कर पाऊंगा या नहीं। लेकिन इस वक्त खुद को ठीक जिम की तरह समझाते हुए आगे बढ़िए, देखिएगा सारा काम हो जाएगा। जब आप खुद से काम कर ले जाने का वादा कर लेते हैं तो अपने आप ही आप उस काम पर अपना फोकस पक्का कर लेते हैं। जब फोकस पक्का होता है तो काम भी अच्छे से हो जाता है।

### सबकुछ धीमे-धीमे

यहां भी आपको जिम का उदाहरण समझना होगा। जिस दिन आप सोच लेते हैं कि आप परफेक्ट शेप में आ जाएंगे। उस दिन से आप छोटे लेवल पर कोशिश शुरू करते हैं। फिर ये लेवल अप करते जाते हैं। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे और पहले दिन ही अत्यधिक मेहनत करने लगेंगे तो खुद को चोट ही पहुंचाएंगे। इसलिए जरूरी है कि आप कंसंट्रेशन के मामले में भी शुरुआत निचले स्तर से करें। जैसे पढ़ाई या ऑफिस के काम में तुरंत कंसंट्रेशन बनाने की



प्रैक्टिस करने से अच्छा है कि आप रोजमर्रा के कामों से शुरुआत करें। जैसे समय से घर से निकलने के लिए हर काम पर फोकस करें। ताकि वो काम करने में जरूरत से ज्यादा समय लगे ही न।

### डिस्ट्रेक्शन वाले काम

ऐसे कई काम होते हैं जो आपके लाख चाहने के बाद भी कंसंट्रेशन करने ही नहीं देते हैं। जैसे काम करते हुए सामने रखा फोन। जिसमें दिखते सोशल मीडिया के नोटिफिकेशन आपको काम से भटकाते तो होंगे ही न। बस ऐसे ही कई कामों की लिस्ट आप बना लीजिए और फिर इन चीजों को कम से कम खास काम करते हुए तो खुद से दूर ही रखिए। इस लिस्ट को हमेशा अपने साथ रखें।

### मेडिटेशन करेगा मदद

मेडिटेशन एक ऐसी क्रिया है, जिसमें एकाग्रता ही काम करती है। आप मेडिटेशन कर ही तब ही पाएंगे, जब आप कंसंट्रेशन कर पाएं। मेडिटेशन से आपकी फोकस करने की शक्ति बढ़ती है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## फोर्ब्स की लिस्ट में सबसे ज्यादा कमाने वाले एक्टर बने जॉनसन



फोर्ब्स ने दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले मशहूर हस्तियों की लिस्ट जारी की है। अभिनेता ड्वेन जॉनसन इस लिस्ट में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले अभिनेताओं में पहले स्थान पर हैं। फोर्ब्स ने हाल ही में दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले मशहूर हस्तियों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में 'द रॉक' ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। रेसलर से अभिनेता बने ड्वेन जॉनसन अक्सर अलग-अलग वजहों से सुर्खियों में रहते हैं। अब यह उपलब्धि हासिल करके वह एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं।

यह पहली बार नहीं है कि ड्वेन जॉनसन इस सूची में शामिल हो रहे हैं। अभिनेता पांचवीं बार इस सूची में शामिल हो रहे हैं। अभिनेता ने पहली बार 2016 में 64.5 मिलियन डॉलर की कमाई के साथ इस सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया था और फिर लगातार तीन वर्षों, 2019, 2020 और 2021 में टॉप पर बने रहे।

अभिनेता ने पिछले साल अपनी फिल्मों से काफी ज्यादा कमाई की। इस मामले में वह रयान रेनॉल्ड्स और जेरी सीनफील्ड जैसे मशहूर सितारों से भी आगे निकल गए हैं। कथित तौर पर अभिनेता ने पिछले साल 'रेड वन', 'मोआना 2' और अन्य फिल्मों के जरिए लगभग 88 मिलियन डॉलर की कमाई की है। इस सूची में दूसरे नंबर पर रयान रेनॉल्ड्स ने 85 मिलियन डॉलर की कमाई के साथ रहे। केविन हार्ट ने 81 मिलियन डॉलर और जेरी सीनफील्ड ने 60 मिलियन डॉलर के साथ टॉप 4 स्थान हासिल किया। ड्वेन जॉनसन को आखिरी बार 'रेड वन' और 'मोआना 2' में देखा गया था।

### टॉलीवुड

## एटली की फिल्म के लिए अल्लू अर्जुन कर रहे खास तैयारी, विदेश में स्पेशल ट्रेनिंग की चर्चा



साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पुष्पा 2 द रूल' की दमदार सफलता का जश्न मना रहे हैं। वहीं, इस बीच अब अभिनेता अपनी अगली फिल्मों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अब उनके पास एटली, त्रिविक्रम श्रीनिवास और संदीप रेड्डी वांगा के साथ फिल्में हैं। शुरुआत में अल्लू अर्जुन ने त्रिविक्रम की फिल्म शुरू करने की योजना बनाई थी, लेकिन अब उन्होंने अपना मन बदल लिया है और एटली के प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी है।

पिछले कुछ दिनों से अल्लू अर्जुन भारत से दूर हैं। बीते कुछ दिनों से प्रशंसकों और दर्शकों को लग रहा था कि वह छुट्टी मना रहे हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। अभिनेता विदेश छुट्टियां मनाने नहीं, बल्किन स्पेशल ट्रेनिंग लेने गए हैं। इस बात का खुलासा अभिनेता के करीबी सहयोगी और 'तंडेल' के निर्माता बनी वास ने किया है। दरअसल, उन्होंने अल्लू अर्जुन की ट्रेनिंग लेने की जानकारी 'छावा' के तेलुगु प्रचार के दौरान साझा की।

बनी वास ने कहा, 'अल्लू अर्जुन गारू एक महीने की ट्रेनिंग के लिए गए थे। बनी गारू हमेशा अपने खाली समय में अभिनय और अन्य कला-संबंधित क्षेत्रों के बारे में शोध करते हैं। उसी के तहत उन्होंने पिछले एक महीने में एक वेलनेस सेंटर में प्रशिक्षण लिया और आज शहर में उतरे। मैं अभी तक उनसे नहीं मिला हूं, लेकिन उनकी टीम जल्द ही उनके अगले प्रोजेक्ट के बारे में अपडेट देगी।' रिपोर्ट्स के मुताबिक, अल्लू अर्जुन एटली की आने वाली फिल्म में एक योद्धा की भूमिका निभाएंगे, जिसे 600 करोड़ रुपये के बजट पर बनाया जा रहा है। वहीं, अब फैंस का मानना है कि अल्लू अर्जुन की स्पेशल ट्रेनिंग क्या एटली के अगले प्रोजेक्ट का हिस्सा थी? हालांकि, इस बारे में आधिकारिक जानकारी का इंतजार है।

### भोजपुरी

## प्रेमी का नया होली गाना 'जा हस के होली में' इंटरनेट पर मचा रहा धमाल



भोजपुरी सिनेमा आज किसी भी पहचान का मोहताज नहीं है और आपको बता दें कि यहां पर ऐसे काफी सारे सितारे हैं जो अपने गानों या फिर अदाकारी को लेकर चर्चा में बने रहते हैं। अब इसी बीच होली का त्यौहार आने वाला है और लगातार हर एक भोजपुरी स्टार कोई ना कोई भोजपुरी होली गाना रिलीज करता हुआ नजर आ रहा है। अब इसी बीच भोजपुरी के मशहूर अभिनेता प्रमोद प्रेमी यादव होली गाना लेकर आए हैं जो तेजी से वायरल होता हुआ नजर आ रहा है। इस वायरल हो रहे गाने में वह एक्ट्रेस के साथ में जोरदार होली खेलते हुए नजर आ रहे हैं। कभी एक्ट्रेस के ऊपर पिचकारी चलते हैं तो कभी सुख गुलाल उनके ऊपर छिड़क देते हैं। रितेश पांडे के गाने 'रंग डलाई भउजी पा' ने मचाया तहलका, कुछ ही घंटे में 1 मिलियन व्यूज क्रॉस प्रमोद प्रेमी यादव के इस गाने का नाम 'जा हंस के होली में' है। यह गाना लगातार वायरल होता हुआ नजर आ रहा है और फैन्स के बीच में छाया हुआ है। इतना ही नहीं आपको बता दें कि यह गाना दर्शकों को खूब अच्छा लग रहा है और इस गाने को एक दिन पहले ही रिलीज किया गया है। लेकिन इसके बावजूद भी इस पर मिलियंस में व्यूज आ गए हैं। प्रमोद प्रेमी यादव के इस होली गाने को टी-सीरीज हमार भोजपुरी नाम के यूट्यूब चैनल द्वारा शेयर किया गया है।

### लाइफ स्टाइल

### चीता फैशन




> काले, सफ़ेद, ग्रे और सुरमयी रंगों के बीच कोई नहीं सोच सकता न्यूयार्क फैशन वीक में चीते के धब्बों वाले प्रिंट को एक अलग जगह मिलेगी। यहाँ रिसॉर्ट 2025 के लिए इसे स्पॉटी स्टाइल माना जा रहा है। इसे बोट्टेगा वेनेटा, वैलेंटिनो, वर्सेस और स्पोर्टमैक्स जैसे डिजाइनरों के कलेक्शन में देखा गया, जिसे भरपूर तारीफ मिली।

## गर्मियों में लिपिस्टक का कलर चुनने में बरतें सावधानी, दिखेंगी खूबसूरत

गर्मियों में कपड़ों के साथ ही लिपस्टिक का चुनाव भी ध्यानपूर्वक करना चाहिए। जो आपके लुक्स में चार चांद लगा देते हैं। गर्मी के दिनों में पसीना बहुता ज्यादा आता है और ये आपके मेकअप को बर्बाद कर सकता है। गर्मियों में कपड़ों के साथ ही लिपस्टिक का चुनाव भी ध्यानपूर्वक करना चाहिए। जो आपके लुक्स में चार चांद लगा देते हैं। गर्मी के दिनों में पसीना बहुता ज्यादा आता है और ये आपके मेकअप को बर्बाद कर सकता है। बदलते मौसम में न सिर्फ आपके वॉर्डरोब में बदलाव की जरूरत होती है, बल्कि आपके कॉस्मेटिक्स खासकर फाउंडेशन, काजल, आईलाइनर और काजल के साथ लिपस्टिक को भी बदलने की जरूरत है। जो आपको सुंदर बनाने में मदद करते है।

### रेड लिपस्टिक का करें इस्तेमाल

लाल रंग के शेड्स बोल्ड और ब्यूटीफुल माने जाते हैं। इसे व्हाइट या ब्लैक कलर के ड्रेस के साथ लगा सकते हैं। ये बोल्ड लुक देता है।



### बरगंडी कलर के लिपस्टिक का करें इस्तेमाल

गर्मियों में आप बरगंडी कलर के लिपस्टिक या लिप लाइनर का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये हर स्किन टोन पर सूट करता है।

### गुलाबी रंग के लिपस्टिक का करें चुनाव

गर्मी में गुलाबी रंग के लिपस्टिक से बेहतर कुछ भी नहीं है। इसको लगाने से आप खूबसूरत और हसीन नजर आएंगी।

### ब्राउन लिपस्टिक का करें चुनाव

ज्यादातर महिलाओं को पसंद आने वाले लिपस्टिक के रंगों में से एक है ब्राउन। इस तरह के शेड्स नियमित रूप से दिन और शाम की पार्टियों में आपकी सुंदरता को बढ़ा देंगे।

### डार्क बेरी टोन करें ट्राई

डार्क बेरी टोन महिलाओं में सबसे लोकप्रिय लिपस्टिक है। इसमें लाइट और ड्रार्क कलर के लिपस्टिक शामिल होते है। ये आपकी खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं।

## नायरा कट सूट में चाहिए परफेक्ट लुक तो जरूर अपनाएं ये टिप्स

जब भी कोई फेस्टिवल या फिर वेडिंग सीजन होता है तो मार्केट में काफी अच्छे डिजाइन और लेटेस्ट ट्रेंड के कपड़े देखने को मिलते हैं। जैसे की अगर आप मार्केट से सूट खरीदने जा रही हैं तो वहां पर आपको इतने सुंदर डिजाइन के सूट दिखेंगे, जिन्हें पहनना आप काफी पसंद करेंगे। नायरा कट सूट का फैशन भी काफी चल रहा है। कई सारी लड़कियां ऐसी हैं जो इन्हें शादी या फिर ऑफिस में भी पहने नजर आती हैं। लेकिन आपको इसे पहनने से पहले कई सारी बातें जानना जरूरी हैं ताकि आपका लुक परफेक्ट लगे। चलिए आपको इस आर्टिकल में इनकी जानकारी देते हैं।

### सूट फिटिंग का रखें ध्यान



नायरा कट सूट काफी खुले-खुले होते हैं। इसलिए कई सारी लड़कियां इन्हें वियर करना पसंद करती हैं। वहीं कुछ को इसके स्लिट पसंद होते हैं इसलिए वो इन्हें वियर करती हैं। लेकिन अगर आप इसे ज्यादा लूज या फिर टाइट खरीदेंगी तो इसमें आपका लुक बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगेगा। ऐसे में जरूरी है कि आप अपनी फिटिंग का खास ध्यान रखें ताकि जब आप इसे वियर करें तो ये अटपटा न लगे बल्कि पहनने के बाद काफी अच्छा नजर आए।

### सूट को आयरन करके पहने



सूट अलग-अलग फेब्रिक के आते हैं लेकिन नायरा कट सूट ज्यादातर आपको रेयॉन फैब्रिक के मिलेंगे। इस तरीके के फैब्रिक (लेटेस्ट सूट डिजाइन) के कपड़े पहनने के बाद तभी अच्छे लगते हैं जब उनमें अच्छे से प्रेस की गई हो। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने कपड़ों में अच्छे से प्रेस करें ताकि वो साफ और शाइनी लगे.। आपको बता दें कि कपड़ों को प्रेस करके पहनने से उनमें एक अलग ही चमक आ जाती है।

### सूट के कलर और डिजाइन का रखें ध्यान

पार्टी में जाने के लिए कुछ लोग लाइट डिजाइन वाले सूट लेते हैं, तो कुछ हैवी वर्क वाले सूट लेते हैं। लेकिन आपको अपने वेट और साइज (सूट डिजाइन) को ध्यान में रखते हुए इन्हें खरीदना चाहिए। क्योंकि ज्यादा हैवी सूट में आप मोटे दिख सकती हैं। वहीं अगर कम वर्क वाले में आप बिल्कुल सिंपल नजर आ सकती हैं। इसलिए जब भी नायरा कट सूट को खरीदें तो सबसे पहले कलर और डिजाइन का ध्यान जरूर रखें। इन बातों को जानना आपके लिए जरूरी हैं ताकि जब भी आप पार्टी में जाएं तो अपने लिए परफेक्ट नायरा कट सूट खरीद सके।

## एथनिक से लेकर वेस्टर्न अपनाइए, लगेगा बेहद क्लासी



एथनिक से लेकर वेस्टर्न आउटफिट में दीपिका जैसी अदाकारा बेहद ही खूबसूरत लगती हैं। उनके लुक को टक्कर देना हर किसी के बस की बात नहीं हैं। ऐसे मे आज हम आपको एक्ट्रेस के कुछ क्लासी लुक्स दिखाएंगे।

**साड़ी:** हाल ही में बाफ्टा अवॉर्ड शो के दौरान ही दीपिका को साड़ी में देखा गया। अक्सर वो इवेंट्स में साड़ी पहनकर ही जाती हैं। साड़ी में एक्ट्रेस इतनी खूबसूरत दिखती हैं, कि आप उन्हें देखकर उनपर से नजरें नहीं हटा सकते।

**सूट:** हर भारतीय महिला की तरह दीपिका भी पूजा-पाठ के दौरान सूट पहनना पसंद करती हैं। उनपर सूट लगता भी काफी खूबसूरत है। अक्सर इस तरह की तस्वीरें वो साझा करती रहती हैं।

**फ्लोरल ड्रेस:** दीपिका की तस्वीरों को देखकर लगता है, कि उन्हें फ्लोरल प्रिंट काफी पसंद है। उनके पास इस तरह की काफी ड्रेस हैं। खास बात ये है कि उनपर ये फ्लोरल प्रिंट लगता भी काफी खूबसूरत है। ऐसे में वो अक्सर इसे पहनती हैं।

## नई दुल्हन पर खूब जचेंगी परंपरागत फैशन की साड़ियां



साड़ी एक भारतीय परिधान है, जिसे हर महिला पहनना पसंद करती है। चाहे महिलाएं किसी भी उम्र के पड़ाव पर पहुंच जाएं वो साड़ी पहनने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। आज का समय तो ऐसा है कि, एयर होस्टेज से लेकर हर जगह पर महिलाएं काफी गर्व के साथ साड़ी पहनती हैं। खासतौर पर अगर बात की जाए उन लड़कियों की, जिनकी नई-नई शादी हुई है, वो काफी शौक से साड़ी पहनती हैं। ज्यादातर लड़कियों को साड़ी पहनकर सजना और संवरना काफी अच्छा लगता है।

अगर आप भी उन्हीं लड़कियों में शामिल हैं, जो साड़ी पहनना पसंद करती हैं, तो हम आपको साड़ी के कुछ ऐसे प्रकार दिखाने जा रहे हैं, जिसे आप अपने ससुराल में पहन सकती हैं। हर नई दुल्हन के पास इस तरह की साड़ियां जरूर होनी चाहिए, जिसे वो शादी से लेकर पार्टी तक पर आसानी से पहन सकें। इस तरह की साड़ियां आपको खूबसूरत लुक देंगी।

**बनारसी साड़ी:** ज्यादातर लोगों को नई दुल्हनों पर बनारसी साड़ी ही पसंद आती है। ऐसे में आप भी अपने लुक को खूबसूरत बनाने के लिए बनारसी साड़ियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। बनारसी साड़ी ज्यादातर चटक कलरों में ही आती हैं।

**चिकनकारी साड़ी:** अगर आपको हल्की साड़ियां पसंद हैं तो लखनऊ की मशहूर चिकनकारी वर्क वाली साड़ी आप कैरी कर सकती हैं। चिकनकारी वर्क की साड़ी पेस्टल रंगों में मिल जाती हैं।

### कार्नर न्यूज

### बूट पहनने के नियम पर जरूर करें अमल, जिससे न हो कोई मिस्टेक

## इस मौसम में बूट पहनें सलीके से, जींस के साथ रखेंगे मैचिंग तो होगी तारीफ

बूट्स पहनना कोई कठिन काम नहीं है। क्योंकि हर किसी को बूट्स बहुत पसंद हैं। बूट्स पहनने वाले पुरुषों का एक दमदार रूआब दिखता है। मगर ये बात आपके बूट्स पहनने के तरीके पर निर्भर करती है। अगर सही ढंग से नहीं पहने तो मजाक भी उड़ सकता है। इसलिए सामान्य जूतों की तुलना में बूट्स को कैरी करना थोड़ा पेचीदा है। लेकिन नामुमकिन नहीं। जिस तरह आप जूते पहनने की गलती को समझ गए हैं, वैसे ही अब बूट्स पहनने के नियम जान लें। ताकि आप किसी प्रकार की फैशन मिस्टेक न करें। इसके बाद आप भी बूट्स में धांसू नजर आ सकेंगे।

### बूट्स के प्रकार

बूट्स भी एक नहीं स्टाइल-डिजाइन और कलर के आधार पर कई प्रकार के होते हैं। इनमें कॉमबेट बूट्स, लेस अप बूट्स, एंकल बूट्स, बाइकर बूट्स, चेल्सा बूट्स और टिंबरलैंड बूट्स जैसे कई बूट्स वजन के आधार पर भी निर्भर करते हैं। उनको आप वेट के आधार पर हैवी बूट्स और लो वेट बूट्स में बांट सकते हैं।



### कब पहने बूट्स

जब मन किया और जिसके साथ मन किया, उसके साथ बूट्स को नहीं पहन सकते हैं। कभी भी बूट्स को फॉर्मल ड्रेस के साथ पहनने की गलती न करें। साथ ही एथनिक ड्रेस के साथ भी न पहनें। इसे फैशन मिस्टेक माना जाता है। बाइकिंग यानी ट्रैवलिंग के दौरान बूट्स को पहनकर जा सकते हैं। इसके लिए बाइकर बूट्स सही माने जाते हैं।

### परफेक्ट साइज की पहने पैंट



बूट्स पहनने वालों को एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए। बूट्स के साथ परफेक्ट साइज और लेंथ वाली पैंट ही पहनें। कभी भी बूट्स के साथ एंकल पैंट न पहनें और न ही बहुत लंबी पैंट पहननी चाहिए। ऐसी पैंट पहने, जो कि आपके बूट्स के ऊपरी हिस्से को कवर कर सके।

### जींस की लेंथ को मोड़कर पहनें

कई बार हमारी जींस की लेंथ लंबी होती है। इस लेंथ वाली जींस को आप स्नीकर्स या किसी अन्य शूज के साथ पहन सकते हैं। लेकिन बूट्स पहनने का नियम कहता है कि जींस की लेंथ को मोड़ दें। एक या दो बार लेंथ को फोल्ड कर देने से बूट्स का लुक निखरकर आता है।

### सही रंग के बूट्स पहनें

बूट्स भी जूतों की तरह कई रंग के मिलते हैं। मगर शूज का कलर मैचिंग करें। किसी भी तरह की ड्रेस के साथ किसी भी रंग के बूट्स को नहीं पहन सकते। अगर ज्यादा कंफ्यूजन हो रहा है तो कॉमन कलर के बूट्स (काला, भूरा, मरून) लें। इनको आप अधिकतर ड्रेस के साथ आसानी से मैच कर सकते हैं। आपने देखा होगा या खुद कभी न कभी ये गलती कर दी होगी। पुरुष मोजे पहनते समय गलती करने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। इसलिए ध्यान रहे कि बूट्स के साथ हमेशा एंकल लेंथ वाले मोजे पहनें।